दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 210 जयपुर, सोमवार, 10 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## जरूरी खबर

### आगामी छह माह प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण



**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा और डीजीपी उमेश मिश्रा ने रविवार को बीकानेर के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सभांग स्तरीय बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। सीएस शर्मा ने कहा कि जिलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक टीम के रूप में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। सीएस ने कहा कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आगामी छह माह प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान प्रत्येक स्थिति पर नजर रखी जाए। किसी भी घटना के बाद कार्रवाई का रेसपोंस टाइम कम रहे।

### विदेशी संस्थानों में प्रशिक्षण लेंगे 500 शिक्षक

**जयपुर।** प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के 500 शिक्षक अब देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्यापन संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में टीचर इंटरफेस फॉर एक्सीलेंस कार्यक्रम के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इसमें शोध व प्रशिक्षण सुविधा पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 23.50 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इस स्वीकृति से शिक्षक विदेशों के 1 से 100 क्वाक्वेरेली साइमंड्स रैंक और भारत के 1 से 100 नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंक वाले प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण ले सकेंगे। यह कार्यक्रम 1 से 6 माह तक के लिए होंगे।

### यूनिवर्सिटी में NSUI छात्र नेता के पोस्टर फाड़े



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। डीएसडब्ल्यू के नोटिस के बावजूद कई छात्र नेता यूनिवर्सिटी परिसर में फ्लेक्स व बैनर लगा रहे हैं। विश्वविद्यालय की दीवारों पर हर जगह पोस्टर्स नजर आ रहे हैं। इस बीच रविवार को एनएसयूआई के छात्र नेता मेघराज गुर्जर के विवि में लगे फ्लेक्स बैनर किसी ने फाड़ दिए। मेघराज ने बताया कि कुछ असामाजिक लोगों के द्वारा मेरे फ्लेक्स-बैनर फाड़े गए हैं, जो उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है।

---

**राजस्थान में पर्यटकों के लिए** जल्द स्मार्ट कार्ड सुविधा शुरू करेगी राज्य सरकार, परिवहन सुविधा भी मिलेगी

# एक कार्ड से पर्यटक घूम सकेंगे राजस्थान, समय भी बचेगा

■ **स्मारकों पर लाइन में लगने के झंझट से मिलेगी मुक्ति**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए सरकार बहुत जल्द स्मार्ट कार्ड की सुविधा उपलब्ध करवाने वाली है। जिसके बाद एक कार्ड की मदद से पर्यटक राजस्थान के कई स्मारकों को घूमने के अलावा परिवहन भी कर सकेंगे।

गौरतलब है कि राजस्थान सरकार एक ऐसी प्रणाली पर काम कर रही है जिसके तहत पर्यटकों को एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से कई स्मारकों में प्रवेश और परिवहन सुविधाएं मिल सकेंगी। योजना के तहत सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक पोर्टल विकसित किया जाएगा, जिसमें पर्यटन विभाग नोडल एजेंसी है तथा परिवहन विभाग भी इसका हिस्सा है। गौरतलब है किपर्यटन राजस्थान के प्रमुख उद्योगों में से एक है, 2022 में 1087.5 लाख पर्यटक राज्य में आएथे। राजस्थान में किले और महलों के अलावा वन्यजीव, झीलें और धार्मिक स्थल अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया सहित देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।




#### पर्यटकों को सफर में होगी आसानी

उदयपुर स्थित एक पर्यटक गाइड गजेंद्र सिंह ने कहा कि टिकट खरीदना पर्यटकों के लिए एक समय लेने वाली प्रक्रिया बन गई है, खासकर पीक सीजन के दौरान और अगर यह प्रणाली शुरू हो जाती है तो इससे यात्रियों को सफर में काफी आसानी होगी। ऐसी प्रणाली निश्चित रूप से राज्य के पर्यटन उद्योग के बारे में एक सकारात्मक संदेश देगी।

#### निजी संग्रहालयों व स्मारकों को किया जाएगा शामिल

स्मार्ट कार्ड की वैधता इस तरह से तय की जाएगी कि इससे स्मारकों पर भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिल सके। प्रणाली को लेकर लागों की प्रतिक्रिया के आधार पर सेवा का विस्तार किया जाएगा। निजी संग्रहालयों व स्मारकों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इससे टिकट के लिए कतार में खड़े होने की जरूरत खत्म हो जाएगी और समय और संसाधनों की बचत होगी। इसके अलावा छोटे पैमाने पर सफल क्रियान्वयन के बाद राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) के स्वामित्व वाले होटल, निजी होटल और रिजॉर्ट में रहने, कैब सेवा जैसी अन्य पर्यटक सेवाओं का एकीकरण भी किया जा सकता है।

#### कार्ड को कराना होगा रिचार्ज, बनाया जाएगा पोर्टल

पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस पहले से पर्यटकों की एक स्मार्ट कार्ड के जरिए कई स्मारकों तक पहुंच आसान होगी। कार्ड को समय-समय पर रिचार्ज कराना होगा। अधिकारी ने बताया, इस उद्देश्य के लिए एक पोर्टल विकसित किया जाएगा। पर्यटकों को प्रत्येक स्मारक पर बिना टिकट खरीदे, वहां भ्रमण करने की सुविधा प्राप्त होगी। राज्य में सरकारी संरक्षित स्मारकों पर एक ही कार्ड मान्य होगा। इस कार्ड का एकीकरण रोडवेज की सेवाओं के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में अंतरराज्यीय यात्रा के लिए केवल 'सुपर लग्जरी बसों' को ही सेवा में शामिल किया जाएगा।

---

**RAS भर्ती परीक्षा 2021 पर विवाद** भाजपा सांसद ने लगाए आरोप

# ED को करेंगे शिकायत, अयोग्य शिक्षकों ने जांची कॉपी: किरोड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रदेश की सबसे बड़ी आरएएस परीक्षा एक बार फिर विवादों में आ गई है। लोक सेवा आयोग गत सालों से कभी घोटालों, सदस्यों की नियुक्ति या फिर पेपर लीक मामलों को लेकर लगातार विवाद के चलते सुर्खियों में रहा है।

इस बीच आयोग की ओर से आरएएस भर्ती परीक्षा 2021 परीक्षा के 988 पदों पर मेन्स परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का पहला चरण सोमवार से शुरू होगा, लेकिन इंटरव्यू शुरू होने से एक दिन पहले ही राज्यसभा सांसद ने आरोपों की झड़ी लगाते हुए आररएएस भर्ती परीक्षा को विवादों में ला दिया है। रविवार को डॉ.किरोड़ी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आरएएस भर्ती परीक्षा 2021 में मुख्य परीक्षा की कॉपियों की जांच में अनियमितता के आरोप लगते हुए भर्ती को रद्द करने की मांग की है। किरोड़ी ने कहा कि मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच अयोग्य शिक्षकों द्वारा की गई और उन अयोग्य शिक्षकों पर चहेतों को नंबर देने का भी आरोप लगाया। आरपीएससी चेयरमैन ने परीक्षा की कॉपियां सरकारी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों को देने के बजाय निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों को दी।

यह इंटरव्यू गैर कानूनी है। वहीं इस मामले को लेकर मंगलवार को ईडी में शिकायत दर्ज करवाएंगे।

### पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, विवादों में आरपीएससी



#### अभ्यर्थियों को दी जल्दी पहुंचने की हिदायत

साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रशासन ने रविवार को एडवाइजरी जारी की है। पुलिस उपायुक्त यातायात प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि साक्षात्कार 10 जुलाई से 25 जुलाई 2023 तक आरपीएससी में होंगे। उन्होंने अभ्यर्थियों व अभिभावकों को यात्रा को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं साथ ही अभ्यर्थियों को जल्दी पहुंचने की हिदायत दी है।

#### नेताओं के नजदीकी शिक्षकों का चयन

किरोड़ी ने कहा कि कॉपियां जांचने के लिए कांग्रेस के नेताओं के नजदीकी शिक्षकों का चयन किया गया। उन शिक्षकों ने गोविन्द सिंह डोटासरा और चेतन डूडी सहित अन्य नेताओं के रिश्तेदारों को अधिक नम्बर दिए गए। डॉ. मीणा ने शिक्षकों के नामों का खुलासा करते हुए कहा कि जयपुर स्थित कानोडिया कॉलेज की टीचर रीटा माथुर की अगुवाई में एमएनआईटी में कॉपियां जांची गई थी। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी के नजदीकी रहे रिटायर्ड शिक्षक आरके चौबीसा की ड्यूटी भी लगाई गई थी। वहीं निजी महाविद्यालयों के टीचर मनीष माथुर, डॉ. इंदू शर्मा, डॉ. अर्चना मिश्रा, रुपाली भदोरिया, डॉ. पवन शर्मा और डॉ. प्रीति अग्रवाल से कॉपियां चेक करवाई गईं थी।

#### लगातार विवादों में आरपीएससी

11 अप्रैल 2018 को 1017 पदों पर निकली गई भर्ती प्रक्रिया 3 साल तक पूरी नहीं हो पाई। 5 अगस्त 2018 को प्री परीक्षा में 15,615 अभ्यर्थी सफल रहे, लेकिन कट ऑफ की वजह से परीक्षा स्थगित हो गई। मुख्य परीक्षा जून 2019 में हुई और जुलाई 2020 में रिजल्ट जारी हुआ, लेकिन ओबीसी और जनरल की कट ऑफ के विवाद के चलते हाई कोर्ट ने रिजल्ट पर रोक लगा दी थीं। सरकार ने संशोधन की वजह से 34 पदों की बढ़ोतरी के साथ 1051 पद किए गए। उसके बाद अंतिम रूप से 13 जुलाई को रिजल्ट जारी किया गया।

---

**65 हजार रुपए** में तय हुआ सौदा

# भ्रूण लिंग परीक्षण के नाम पर की धोखाधड़ी, दलाल को पकड़ा

■ **आरोपी अपनी कार से महिला को जांच के लिए लेकर आया जयपुर**



**बेधड़क** | जयपुर

राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने रविवार को एक डिकॉय कार्रवाई करते हुए भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए एक दलाल नर्सिंग ऑफिसर रणवीर सिंह पुत्र रडमल निवासी कारी, नवलगढ़ को गिरफ्तार किया है।

अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से झुंझुनूं और सीकर जिले के आसपास के इलाकों में एक अज्ञात गिरोह द्वारा गर्भवती महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। एक दलाल विकास खीचड़ ने डिकॉय के लिए भेजी गई गर्भवती महिला और सहयोगी से बातचीत कर 65 हजार रुपए में सौदा तय कर भ्रूण लिंग जांच करवाने की बात कही। इसके एवज में उसने 30 हजार ऑनलाइन पेटीएम के माध्यम से ट्रांसफर भी करवाए। इसके बाद दलाल विकास ने डिकॉय गर्भवती को रतनगढ़ के बस स्टैंड पर बुलाया। वहां से आरोपी अपनी गाड़ी में एक अन्य दलाल रणवीर सिंह के साथ महिला को जयपुर के सांगानेर स्थित सरस्वती कॉलोनी में एक निजी मकान में लेकर आया। वहां पर उन्हें आसपास के इलाकों में कोई डॉक्टर नहीं मिला।

आरोपी ने महिला से शेष राशि 35 हजार मांगी, जिसके बाद वह रफूचक्कर होने की फिराक में था। ऐसे में पीसीपीएनडीटी डिकॉय दल ने उसे भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और राशि भी जब्त कर ली। पीसीपीएनडीटी डिकॉय दल ने धारा 420 एवं 120- बी आईपीसी में मालपुरा थाना गेट में मामला दर्ज कराया है।

---

**कांग्रेस की आपसी खींचतान ने** प्रदेश का विकास रोका

# चुनाव आते ही हथकंडे अपना रही कांग्रेस-भाजपा: नवीन पालीवाल

**बेधड़क** | जयपुर

आम आदमी पार्टी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने भाजपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बीजेपी और कांग्रेस सभी हथकंडे अपना रही हैं।

कांग्रेस गहलोत-पायलट के बीच चल रही अदावत को खत्म करके जनता में पार्टी की एकजुटता का संदेश देने की कोशिश कर रही है। वहीं बीजेपी अपने आखिरी हथियार प्रधानमंत्री मोदी को मैदान में उतारकर राजस्थान में



जीत के सपने देख रही है। कांग्रेस पिछले साढ़े चार साल से आपसी खींचतान में उलझी रही। अब चुनाव आते ही कांग्रेस आलाकमान पार्टी की एकजुटता का संदेश दे रहा है। आखिर आलाकमान ने ऐसा कौन सा मंत्र फूंक दिया कि एक बैठक के बाद ही पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के सीएम गहलोत को लेकर तेवर बदल गए। पार्टी चाहती तो ये काम पहले भी कर सकती थी, इसकी वजह से प्रदेश के विकास का पहिया रुका रहा। नवीन पालीवाल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस और केंद्र की मोदी सरकार पर जनता को गुमराह कर रही है।

जनता ने प्रदेश में विकास के लिए कांग्रेस को चुना था, लेकिन उनके नेताओं ने कुर्सी की खींचतान में पूरा कार्यकाल गंवा दिया और जनता को भूलकर अपने घर को भरने में लगे रहे।

---

**सिविल लाइंस विधानसभा में** मंदिरों के विकास पर खर्च किए 15 करोड़

# केंद्र सरकार भ्रष्टाचार, झूठ और फरेब की चला रही फैक्ट्री: खाचरियावास

**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने रविवार को विधायक कोष से 30 लाख की लागत से जयपुर पानी पेच स्थित नेहरू नगर के सीता राम मंदिर के सत्संग भवन का उद्घाटन किया।




खाचरियावास ने बताया कि उन्होंनें विधानसभा क्षेत्र सिविल लाइंस में मंदिरों के विकास और जीर्णोद्धार में 15 करोड़ 38 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। खाचरियावास ने कहा कि जन कल्याण और विकास के साथ मंदिरों के निर्माण और सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए राजस्थान की कांग्रेस सरकार मंदिरों में विकास कार्य कर रही है, लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार, झूठ, फरेब और धोखे की फैक्ट्री चला रही है। नोट बंदी के नाम पर पांच सौ और एक हजार रुपए के नोट बंद कर दिए गए। इसके पश्चात दो हजार रुपए के नोट चालू कर दिए, अब दो हजार रुपए के नोट बंद कर रहे हैं। यदि दो हजार रुपए के नोट बंद करने थे तो 500 और 1000 के नोट क्यों बंद किए गए? नोटबंदी क्यों लागू की गई? यह केंद्र सरकार को बताना चाहिए।

उन्होंने महंगे पेट्रोल-डीजल पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज जब क्रूड ऑयल इतना सस्ता हो गया है, तो डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस के दाम आधे होने चाहिए। भाजपा लोगों की पीठ में खंजर मार कर देश की जनता के साथ धोखा कर रही है।

---

**राज्य सरकार का पर्यावरण शुद्धि पर फोकस**

# सरकार ने SEIAA व SEAC के पुनर्गठन की दी मंजूरी

### ट्रीटमेंट प्लांट के लिए वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन

■ **पशु चिकित्सालयों में विद्युतीकरण से होगी कोल्ड चेन की सुविधा विकसित**

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हर वर्ग को लगातार सौगातें दे रहे हैं। हर जाति, समाज, विभाग को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार नई-नई घोषणाएं कर रही है। इसी के चलते सरकार ने अब पर्यावरण शुद्धि पर फोकस किया है। इसके लिए



सीएम गहलोत ने राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) व राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) के पुनर्गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है, साथ ही, 2 अतिरिक्त एसईएसी के गठन और संचालन के लिए 63 नवीन पदों के सृजन को भी मंजूरी प्रदान की है। अब इससे पर्यावरण स्वीकृतियों के आवेदनों के तुरंत निस्तारण होगा। वहीं सीएम गहलोत ने राज्य में सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्रों की स्थापना के लिए 75 करोड़ रुपए देने के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से राज्य में नए अपशिष्ट उपचार संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही वर्तमान में संचालित संयंत्रों का बेहतर रख-रखाव हो सकेगा। इससे विभिन्न उद्योगों से उत्सृजित होने वाले अपशिष्ट का उपचार हो सकेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिलेगी और साथ ही इन अपशिष्ट से आमजन के स्वास्थ पर प्रतिकुल प्रभाव से बचाव भी हो सकेगा।

ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और रख-रखाव के लिए बढ़ी हुई सहायता राशि रीको और राजस्थान प्रदूषण व नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से गठित कॉरपस फंड से उपलब्ध करवाई जाएगी।

#### दो हजार पशु चिकित्सा संस्थाओं में होगा विद्युतीकरण

प्रदेश में 2 हजार अविद्युतीकृत पशु चिकित्सा संस्थाओं को विद्युतीकृत किया जाएगा। इनके विद्युतीकरण में 6.50 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की हैं। गहलोत के इस निर्णय से संस्थाओं में पशुओं के उपचार में सुगमता आएगी। अस्पतालों में कोल्ड चेन की सुविधा विकसित हो सकेगी, जिससे पशुओं की विभिन्न प्रकार की वैक्सीन को लम्बे समय तक रखा जा सकेगा।

#### लोकायुक्त सचिवालय में 11 नए पद

राज्य सरकार ने लोकायुक्त सचिवालय में 11 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की हैं। प्रस्तावित पदों में अनुभागाधिकारी का 1, सहायक सचिव के 2, सहायक अनुभागाधिकारी के 4 एवं लिपिक ग्रेड-। के 4 पद (कुल 11 पद) शामिल हैं। साथ ही सीएम गहलोत ने लोकायुक्त सचिवालय में मंत्रालयिक संवर्ग के विभिन्न पदों की कैडर स्ट्रेन्थ को पुनर्निधारित किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया हैं।

---

# RSS की 'अपनी बस्ती अपना हवन' योजना शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्प घुमंतू जाति उत्थान न्यास के "अपनी बस्ती अपना हवन' योजना का शुभारंभ गोविंदपुरा-निवारू लिंक रोड, बस नंबर 7 का बस स्टैंड के पास, सपेरा बस्ती में किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम हमारे परिवार में कोई कमजोर है, तो उसको हम सम्बल देते हैं। वैसे ही संघ का प्रकल्प घुमन्तु उत्थान न्यास घुमन्तु जातियों के बहन-भाइयों को सम्बल दे रहा है। घुमन्तु जाति बस्तियों में शिक्षा संस्कार केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। लगातार निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करवा रहे हैं।



इस मौके पर हाथोज धाम के महामंडलेश्वर बालमुकुंदाचार्य, शेखावाटी अस्पताल विधाधर नगर जयपुर के निदेशक डॉ. सर्वेश शरण जोशी उपस्थित रहे जिनकी ओर से घुमन्तु बस्ती में निशुल्क जांच और निशुल्क उपचार के लिए कैम्प लगाया गया। वहीं अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रतिनिधि प्रहलाद शर्मा और महेंद्र कुमार ने देव पूजन करवा कर बस्तीवासियों से विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुति अर्पित करवाई।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



जयपुर@ चांदी की टकसाल
जयपुर@ 2.40 इंच बारिश दर्ज

■ राजस्थान में 1 जून से 9 जुलाई तक औसत वर्षा 223.74 एमएम दर्ज

## बारिश ने तोड़े रिकॉर्ड

### देश में सामान्य वर्षा 8 जुलाई तक 2 फीसदी अधिक, कई राज्यों में स्कूलें बंद

# प्रदेश में 1 जून से अब तक 107% ज्यादा बरसात

### चाकसू के मंडालिया मैदा गांव में बाढ़ के हालात

- छोटे तालाब में आवक भराव क्षमता से अधिक होने से गांव में घुसा पानी।
- ग्रामीणों ने विधायक सोलंकी व प्रशासनिक अधिकारियों को दी तुरंत सूचना।
- रात्रि का समय और घरों से बेघर लोग बारिश में हो रहें परेशान।
- अनाज सहित घरेलू समान पानी में डूबा।
- प्रभावित ग्रामीण पंचायत भवन में पहुंचाए गए।

फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क** | नई दिल्ली/ जयपुर

जुलाई के शुरुआती आठ दिनों में जमकर हुई बारिश ने देशभर में वर्षा की कमी की भरपाई कर दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आंकड़ों के जरिए बताया कि मानसून आगमन के बाद से अब तक 243.2 मिमी बारिश हुई है, जो इस अवधि में सामान्य रूप से होने वाली वर्षा 239.1 मिमी से दो प्रतिशत अधिक है। देश में अलग-अलग जगहों पर बारिश की मात्रा में काफी अंतर है। आईएमडी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश के पूर्वी और उत्तरी-पूर्वी हिस्सों में 17 प्रतिशत कम (सामान्य रूप से होने वाली 454 मिमी के मुकाबले 375.3 मिमी) वर्षा हुई है, जबकि उत्तर भारत में 59 प्रतिशत (सामान्य रूप से होने वाली 125.5 मिमी के मुकाबले 199.7 मिमी) ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। इधर, मौसम केंद्र जयपुर की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार 1 जून से 9 जुलाई तक सभी जिलों में औसत वर्षा 223.74 एमएम दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 107.2 प्रतिशत अधिक है। बता दें, पिछले वर्ष औसत वर्षा 133.83 एमएम हुई थी। इस दौरान जयपुर डिवीजन में औसत 178.34 एमएम बारिश हुई, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 75 प्रतिशत अधिक रही पिछले वर्ष यहां औसत 146.54 वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। ■ पेज 3-8 भी देखें



दिल्ली @ तिलक ब्रिज

### 40 साल का टूटा रिकॉर्ड

उत्तर भारत के कई हिस्सों में दो दिन से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। दिल्ली में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटों में 153 मिमी बारिश हुई, जो जुलाई 1982 के बाद एक दिन में हुई सर्वाधिक वर्षा है। चंडीगढ़ और अंबाला में क्रमश: 322.2 मिमी और 224.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके चलते दिल्ली में जहां सोमवार को सभी स्कूल बंद रखने का ऐलान किया गया है, वहीं हिमाचल प्रदेश, यूपी के कुछ हिस्सों, हरियाणा आदि राज्यों में भी स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जयपुर @ नारायण सिंह सर्किल



### जाम से ठहर-सा गया गुलाबी नगर

राजधानी जयपुर में रविवार को बारिश के कारण शहर के कई मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। इसके चलते परकोटे में रात तक जगह-जगह जाम लगने से वाहन काफी देर तक फंसे रहे। बहरहाल, बारिश से आमजन को उमस से राहत मिली। इसके अलावा लोगों को पानी में से निकलने में परेशानी हुई। यहां सुबह 8:30 बजे तक 9.7 एमएम और शाम 5:30 बजे तक 9.6 एमएम बारिश हुई।

### सीकर में डूबे छात्र के परिजनों को 35 लाख मुआवजा

सीकर में शनिवार रात नवलगढ़ रोड पर 15 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से हुई छात्र युवराज की मौत के मामले में 17 घंटे बाद परिवार शव लेने को तैयार हुआ। इस मामले में सीकर कलेक्टर ने नगर परिषद के एक्सईएन रविंद्र जैन को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही, परिवार को 35 लाख का मुआवजा देने और 10 दिन में नवलगढ़ रोड पर चल रहा काम पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा लापरवाही बरतने पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

## जरूरी खबर

### CM का रेजिडेंट्स को एचआरए व स्टाइपेंड का तोहफा



**जयपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रेजिडेंट डॉक्टर्स को तोहफा देते हुए उनका एचआरए व स्टाइपेंड बढ़ाया है। सीएम ने नॉन-सर्विस सीनियर रेजिडेंट्स को एचआरए देने और नॉन-सर्विस रेजिडेंट्स के स्टाइपेंड बढ़ाने की मंजूरी दी है। ऐसे सीनियर रेजिडेंट्स जो राजकीय सेवा में नहीं हैं और जिनको हॉस्टल आवंटित नहीं है, उन्हें हर महीने 6 हजार रुपए मकान किराया भत्ता दिया जाएगा। नॉन सर्विस रेजिडेंट को मिलने वाले अतिरिक्त स्टाइपेंड को बढ़ाकर 5 हजार रुपए किया गया है। यह उन्हें मिलेगा, जिनको हॉस्टल आवंटित नहीं हुआ है।

### बूंदी में आवारा कुत्तों के काटने से बच्चे की मौत



**जयपुर।** बूंदी जिले के तीखा बरडा गांव में खेतों की ओर जा रहे 12 वर्षीय बच्चे पर रविवार को तीन आवारा कुत्तों ने हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बूंदी सदर पुलिस थाने के ड्यूटी अधिकारी श्याम सुंदर ने बताया कि पांचवीं का छात्र मंगीलाल गुर्जर तीखा बरडा गांव का रहने वाला था, जिसे आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल से कोटा के लिए रेफर कर दिया। कोटा ले जाते वक्त रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई।

**2174 अभ्यर्थियों का होगा इंटरव्यू**

## आरएएस भर्ती में प्रथम चरण के साक्षात्कार आज से 25 तक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरएएस भर्ती 2021 के करीब दो बाद प्रथम चरण के इंटरव्यू सोमवार से शुरू होंगे। आयोग ने 988 पदों पर 20 और 21 मार्च को मुख्य परीक्षा का आयोजन किया था और 30 अगस्त को परिणाम जारी किया गया था।

आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के साक्षात्कार 10 से 25 जुलाई तक होंगे। वहीं आयोग द्वारा इंटरव्यू के लिए 2174 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए मुख्य परीक्षा में पास किया गया है। भर्ती के 988 पदों में से अधीनस्थ सेवाओं के लिए कुल 625 और राज्य सेवाओं के लिए 363 पद हैं। भर्ती की प्री परीक्षा का आयोजन 27 अक्टूबर, 2021 को हुआ थी और 29 नवंबर, 2021 को परिणाम जारी किए गए था। मुख्य परीक्षा का आयोजन 20 और 21 मार्च, 2022 को दो पारियों में हुआ था। इसमें 20371 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पात्र थे। 21 अगस्त, 2022 को मुख्य परीक्षा 2021 का परिणाम घोषित किया गया।




### परीक्षा रद्द करने की मांग

मुख्य परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगते हुए भाजपा के राज्य सभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने भर्ती को रद्द करने की मांग की हैं। किरोड़ी ने आरोप लगाए कि कॉपियां जांचने के लिए शिक्षकों का चयन मनमाने तरीके से किया गया। जानबूझकर ऐसे शिक्षकों का चयन किया गया जो कांग्रेस के नेताओं के नजदीकी थे। ■ पेज 2 भी देखें

**सीरिया**

### फर्जी खबरों का आरोप... बीबीसी की मान्यता रद्द

**एजेंसी** | बेरूत

सीरिया के सूचना मंत्रालय ने देश में कवरेज को लेकर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने और फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए बीबीसी की मीडिया मान्यता रद्द कर दी है। बीबीसी-अरबी ने सीरिया में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को लेकर हाल में एक खोजी वृत्तचित्र जारी किया था, जिसमें अनुमानित तौर पर अरबों डॉलर के इस कारोबार और सीरिया सरकार व राष्ट्रपति बशर अल असद के परिवार के बीच संबंधों को रेखांकित किया गया था। सूचना मंत्रालय ने कहा कि चैनल को दो बार चेतावनी दी गई थी कि उसने आतंकी समूहों और सीरिया के शत्रुओं के बयानों व गवाहियों के आधार पर भ्रामक समाचार प्रसारित किए हैं।

**खुशखबरी: 105 बाघों के साथ राजस्थान टॉप 10 राज्यों में शामिल**

## सरिस्का में आए दो नए मेहमान मुख्यमंत्री ने जाहिर की खुशी

■ मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा करीब 600 बाघ

**बेधड़क** | जयपुर

अलवर जिले में स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। इसके साथ ही राजस्थान में बाघों की संख्या 105 हो गई है, जिससे प्रदेश देश टॉप टेन राज्यों में आ गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुशी जाहिर करते हुए रविवार को ट्वीट किया कि सरकार पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण बाघों के संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि राजस्थान ऐसे राज्यों में शामिल हो गया है जहां 100 या इससे ज्यादा बाघ हैं। इनमें मध्य प्रदेश सबसे आगे है, जहां पर करीब 600 बाघ हैं। कर्नाटक में करीब 550, उत्तराखंड में 450 से अधिक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में करीब 300-300, असम, यूपी और केरल में करीब 200-200 और वेस्ट बंगाल और राजस्थान में 100-100 से अधिक बाघों की संख्या है।



### इन दो शावकों का संभावित पिता है बाघ एसटी-18

*मुख्य वन संरक्षक एवं सरिस्का टाइगर रिजर्व क्षेत्र के निदेशक आर.एन. मीना ने बताया कि रेंज अलवर बफर के वन क्षेत्र में बाघिन एसटी-19 ने दो शावकों को जन्म दिया है। इन दोनों शावकों की कैमरा ट्रैप में फोटो 6 जुलाई को कैप्चर हुई है। इन दोनों शावकों का संभावित पिता इस क्षेत्र में विचरण करने वाला बाघ एसटी-18 है। वन विभाग ने शावकों की सुरक्षा के लिए प्रबंध करना शुरू कर दिया है।*

### पर्यटन को मिलेगा बूस्ट अप

राजस्थान स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड के सदस्य धीरेंद्र के गोधा ने बताया कि प्रदेश में बढ़ते बाघों की संख्या से वन्यजीव प्रेमी काफी खुश हैं। इससे राज्य के पर्यटन को भी बूस्ट अप मिलेगा। गौरतलब है कि अब सवाई माधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिजर्व में 73 से अधिक बाघ हैं, वहीं अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में 30, कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में एक-एक बाघ है।

**भाजपा का दो दिवसीय विजय संकल्प**

## पहले दिन डॉक्यूमेंट्री के साथ चला राजनीतिक परिचर्चा का दौर

- त्रिनेत्र गणेशजी दर्शन के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा का श्रीगणेश
- आज राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष रहेंगे मौजूद
- आठ सत्रों में विधानसभा चुनाव की योजनाओं का पेश होगा खाका

**बेधड़क** | जयपुर/सवाईमाधोपुर

विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की विस्तृत रणनीति पर मंथन के लिए रविवार से सवाई माधोपुर में प्रदेश भाजपा की दो दिवसीय विजय संकल्प चिंतन संकल्प बैठक शुरू हुई। पहले दिन डॉक्यूमेंट्री के साथ नेताओं के बीच राजनीतिक परिचर्चा का दौर चला। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने इस सत्र में डॉक्यूमेंट्री के साथ नए राजनीति के प्रयोगों की जानकारी दी। शुरुआत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के भाषण के साथ हुई। सोमवार को बैठक में आठ सत्रों में चुनावी रणनीति का खाका तैयार किया जाएगा। इन सत्रों में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष मौजूद रहेंगे। संतोष खुद भी संगठनात्मक मामलों से संबंधी सत्र लेंगे। इसके अलावा अलग-अलग सत्र में चुनाव प्रबंधन, गहलोत सरकार के खिलाफ आंदोलात्मक योजना, बूथ स्तर तक मजबूत टीम सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।



### मोदी सरकार की तमाम योजनाओं पर होगा मंथन

सीपी जोशी ने कहा कि सवाई माधोपुर में विजय संकल्प बैठक है। इसमें मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर मंथन होगा। इस दौरान उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है। साल 2018 के चुनाव में काफी मुश्किल से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बन पाई थी। इस बार कांग्रेस की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में न तो नारी सुरक्षित है और ना ही युवाओं का भविष्य सुरक्षित है।

### विधानसभा और लोकसभा चुनाव पर चर्चा

रविवार को बैठक से पहले प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और महामंत्री (संगठन) चंद्रशेखर ने त्रिनेत्र गणेशजी के दर्शन किए। इसके बाद शाम 4 बजे विजय संकल्प चिंतन बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रम, प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन एवं आंदोलन और दिसंबर 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव विजय की योजनाओं को लेकर चर्चा हुई।

### कोर कमेटी की बैठक में ये नेता रहे मौजूद

कोर कमेटी की बैठक में जोशी, अरुण सिंह, चंद्रशेखर के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन मेघवाल, केंद्रीय राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी व अशोक परनामी सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### स्वास्थ्य जीवन का संदेश देने के लिए दौड़े शहरवासी



**कोटा।** शिक्षा नगरी में रविवार सुबह अच्छे स्वास्थ्य का संदेश देने के लिए शहरवासियों ने मैराथन दौड़ लगाई। बच्चों, युवा और महिलाओं के साथ ही बुजुर्गों में भी इसके प्रति उत्साह देखने को मिला। भारत विकास परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निकाली गई मैराथन में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। इसमें व्यापारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, आर्मी के जवान, धावक, स्पोर्ट्समैन से लेकर आमजन ने अपनी भागीदारी निभाई।

### दस लाख की अफीम जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ की टीम ने रविवार तड़के नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 लाख रुपए कीमत की अफीम बरामद कर दो तस्करों गिरफ्तार किया है। अधीक्षक डीएम काठेड़ ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि लाडपुरा भीलवाड़ा रोड से कुछ लोग अफीम तस्करी करने वाले हैं। सूचना के बाद टीम ने सवाईपुर के पास एक कार को रुकवाया। चालक ने कार को भगा ले जाने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने कार को रोक लिया। कार की तलाशी में 5 किलो 80 ग्राम अफीम मिली। पुलिस ने मांडलगढ़ निवासी चालक राजकुमार जाट, विठ्ठलपुरा गांव निवासी राजाराम बैरागी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आश्रय स्थल में बच्चे से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार



**अजमेर।** क्लॉक टावर थाना क्षेत्र स्थित आश्रय स्थल में 8 साल के किशोर के साथ कर्मचारी द्वारा कुकर्म करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही बाल अधिकारिता विभाग, बाल कल्याण समिति और थाना पुलिस तुरंत हरकत में आई। पुलिस ने आरोपी कार्मिक कैलाश को गिरफ्तार कर लिया है। आश्रय स्थल के प्रधान ओमप्रकाश वर्मा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 18 मई को बच्चे को कर्मचारी कैलाश ने कपड़े लेने के लिए छत पर भेजा और वहीं उसके साथ कुकर्म किया। प्रधान ने प्रबंधक सहित अन्य पर घटना को दबाने का भी आरोप लगाया है।

**युवक की हत्या का खुलासा:** बनियान का फंदा गले में डाल लाश को घसीटते हुए नदी के पानी में फेंका था

# प्रेमिका ने ही स्कार्फ से गला घोंटकर की थी युवक की हत्या

**बेधड़क** | उदयपुर

राजस्थान के उदयपुर में सात दिन पहले नदी में मिले युवक के शव के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस ने मृतक नरेंद्र की हत्या का पर्दाफाश करते हुए उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया है।

आरोपी शिक्षिका हिना कुमारी मीणा (25) पुत्री पुरुषोत्तम खराड़ी निवासी लराठी मृतक की प्रेमिका है। सात दिन पूर्व प्रेमिका अपने प्रेमी की हत्या कर शव को नदी में फेंक कर भाग गई थी। वारदात से पहले आरोपी महिला ने अपने प्रेमी को मिलने के लिए नदी पर बुलाया था। जहां युवक ने शराब के नशे में उससे मारपीट



की। इसके बाद युवती ने अपने स्कार्फ से गला घोंटकर युवक की हत्या कर दी और शव को नदी में फेंक कर फरार हो गई।

थानाधिकारी शब्बीर खान ने बताया कि जीजा बाई (45) पत्नी स्व. अशोक कुमार निवासी सुवेरी फला रेडा ने अपने बेटे सतीश के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने शिकायत में बताया कि उनका बेटा नरेन्द्र कुमार 3 जुलाई रात को खाना खाने के बाद उसकी प्रेमिका हिना से मोबाइल पर बात करता हुआ बाहर निकला था जो दूसरे दिन तक घर वापस नहीं लौटा। आस-पास और रिश्तेदारों से पूछताछ करने पर भी उसका कहीं पता नहीं चला।

इस दौरान लराठी पुलिया का काम कर रही एक मजदूर महिला ने नदी में एक शव पड़े होने की सूचना दी। इस पर परिवार वालों ने शव की पहचान नरेंद्र के रूप में की। इसके बाद परिजनों ने 5 जुलाई को हत्या का मामला दर्ज कराया। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन दो दिन तक आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग करते रहे।

इसके बाद शुक्रवार को पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। एसपी भुवन भूषण यादव के निर्देशन में एएसपी डॉ. प्रियंका व ऋषभदेव डिप्टी हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में टीम गठित की। इसके बाद शनिवार को पुलिस ने युवक की प्रेमिका हिना कुमारी को गिरफ्तार कर लिया।

### मुझे मार दे नहीं तो मैं तुझे मार दूंगा

वृत्ताधिकारी हेरम्ब जोशी ने बताया कि युवती से पूछताछ में सामने आया कि घटना 3 जुलाई रात की है। दोनों के बीच करीब 10 साल से प्रेम प्रसंग था। मृतक नरेंद्र आए दिन हिना को मिलने बुलाता और उससे रुपए की मांग करता था। साथ ही मृतक नरेंद्र को हिना के किसी अन्य से संबंध होने का भी शक था। इससे परेशान होकर हिना ने उसे लराठी नदी पर बुलाया था। यहां 3 जुलाई रात 1:30 से 3:30 बजे तक दोनों साथ रहे। इसी बात पर नरेंद्र ने शराब के नशे में युवती से मारपीट की। इस दौरान युवक ने कहा कि या तो वो उसे मार दे, नहीं तो वह उसे मार देगा। इस पर हिना ने अपने दुप्पटे से गला घोंटकर नरेंद्र की हत्या कर दी।

### पति-पत्नी की तरह रह रहे थे दोनों

जानकारी के अनुसार नरेंद्र सिंह व आरोपी प्रेमिका शिक्षिका हिना दोनों विगत 10 वर्ष से पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। नरेंद्र सिंह अपनी प्रेमिका पर शक करता था। उसे शक था कि हिना का किसी दूसरे शख्स के साथ अवैध संबंध है। इसी बात को लेकर हत्या वाले दिन भी दोनों में झगड़ा हुआ था। मृतक नरेंद्र ने युवती से पैसों की डिमांड की और शारीरिक संबंध भी बनाए। नरेंद्र ने शराब पीकर फिर हिना से झगड़ा करना शुरू कर दिया। जब विवाद बढ़ने लगा तो युवती ने अपने स्कार्फ से युवक का गला घोंट दिया। पकड़े जाने के डर से उसने नरेंद्र की बनियान का फंदा बनाया और उसे उसके गले में गांठ लगाकर मजबूती से बांध दिया। इसके बाद उसकी लाश को घसीटते हुए नदी के पानी में ले जाकर फेंक दिया। लाश ऊपर न आए इसके लिए एक पत्थर भी उस पर रख दिया।

**पड़ोसी महिला पानी के लिए बोलने गई तो** वारदात का पता चला

# बुजुर्ग दंपती की हत्याकर कमरे में बेड के नीचे छिपाए दोनों शव

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले में खेतड़ी नगर के आवासीय क्वार्टर में बुजुर्ग दंपती की हत्या का मामला सामने आया है। इलाके में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। पुलिस ने घर के पलंग के नीचे से दोनों के शव बरामद किए हैं। दोनों के पैर बंधे मिले हैं।

जानकारी के अनुसार खेतड़ी नगर की केसीसी टाउनशिप के आवासीय क्वार्टर में रहने वाले दर्शन सिंह (75) और उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। रिटायर्ड कार्मिक दर्शन सिंह व उसकी पत्नी अपने ही क्वार्टर में बेड के नीचे मृत अवस्था में मिले। दोनों के पैर बंधे हुए थे। पड़ोसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर क्वार्टर को सील कर दिया।

पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वायड व एफएसएल टीम मौके पर बुलाया। दोहरे हत्याकांड की सूचना पर एसपी श्याम सिंह मौके पर पहुंचे। एचसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी दर्शन सिंह अपनी पत्नी महेंद्र कौर के साथ केसीसी टाउनशिप के आवासीय क्वार्टर में रहते थे। कर्मचारी नेता बिड़दूराम सैनी ने बताया कि दर्शन सिंह मूल रूप से पंजाब के रहने वाले थे, लेकिन करीब पांच दशक से कॉपर में ही रह रहे थे। साल 2005 में रिटायर होने के बाद भी वे यहीं रह रहे थे।

उनके दो बेटे हैं। एक करीब 25-30 साल पहले मुंबई गया था, जहां से लापता हो गया और कभी लौटकर नहीं आया। वहीं दूसरा बेटा अजमेर में रहता है। घटना के बाद अजमेर में रहने वाले बेटे को सूचना दी गई है।



### केटीएसएस संगठन से जुड़े थे

कर्मचारी नेता बिड़दूराम सैनी ने बताया कि दर्शन सिंह कर्मचारी यूनियन में भी सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं। वे केटीएसएस के सक्रिय कर्मचारी कार्यकर्ताओं और नेताओं में शामिल थे। वे संगठन में प्रचार सचिव और संगठन सचिव जैसे पदों पर भी कार्य कर चुके थे। अभी भी वे संगठन के कार्यों में अपना सहयोग देते थे।

### दोनों की बंधी थी लाश

जानकारी के अनुसार केसीसी क्वार्टर में रोजाना सुबह पानी सप्लाई होती है। इसके लिए सभी लोग मोटर चलाते हैं। रविवार सुबह जब पानी की सप्लाई हुई तो दर्शन सिंह के घर पर मोटर नहीं चली। इसके बाद पड़ोसी महिला ने पहले तो आवाज लगाई, लेकिन कोई नहीं आया। इस पर महिला ने वहां जाकर दरवाजा खटखटाया। दरवाजा अंदर से खुला था। जब महिला ने दरवाजा खोला तो उसके होश उड़ गए। दोनों पति-पत्नी की लाश बंधी हुई पड़ी थी और एसी चल रहा था।

### रात को भी खुला था घर का दरवाजा

दर्शन सिंह के मकान के सामने रहने वाले एक युवक ने पुलिस को बताया कि उसने रात को 12 बजे के आस-पास देखा था, तब तक दर्शन सिंह के कमरे की लाइट जल रही थी। उनके घर का दरवाजा भी हलका सा खुला था, लेकिन किसी प्रकार की अनहोनी का उसे तब तक अंदेशा नहीं था।

**अजमेर से खाटूश्याम** दर्शन को आए थे

# बेकाबू कार पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत,चार घायल

**बेधड़क** | सीकर

जिले में लोसल इलाके में रविवार को भीषण हादसा हो गया। एक बोलेरो का बेकाबू होकर सड़क से उतरने के बाद पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं चार गंभीर घायल हो गए।

हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बार कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी दोस्त अजमेर के रहने वाले हैं। ये लोग खाटूश्याम जी के दर्शन कर वापस लौट रह थे। सभी आपस में दोस्त हैं। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को लोसल हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया



है। वहीं घायलों को सीकर के एसके हॉस्पिटल रेफर किया है। लोसल पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे मामले की जांच शुरू कर दी है। लोसल थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि यह हादसा रविवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ।

घटना में मृत और घायल लोग अजमेर जिले के अलग-अलग इलाके के रहने वाले हैं।

### ये हुए घायल, इनकी गई जान

हादसे में रामस्वरूप जांगिड़ (35), कैलाश नागर (30), जय सिंह (28), प्रवीण रावत (30), गोपाल गुर्जर (35) गोविंद वाल्मीकि (45) निवासी अजमेर घायल हो गए। उन्हें लोसल राजकीय हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने रामस्वरूप और कैलाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सीकर के एसके हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। जहां से दो गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखकर परिजनों को सूचित किया। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, लोसल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**1.41 लाख नकद, 25 एटीएम कार्ड,** 9 चेक बुक व 14 पासबुक बरामद

# साइबर ठगों के लिए लगा रखा था ATM संचालक 20 फीसदी लेता था कमीशन

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के सीकरी थाना क्षेत्र में सीआईडी सीबी की टीम ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सीआईडी क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल कमल सिंह की सूचना पर टीम ने सीकरी थाना इलाके में उड़की मोहम्मद पुर गांव में कारवाई की गई।

साइबर ठगों ने अपने इच्छित स्थान पर टाटा इंडिकैश कंपनी की एटीएम मशीन लगवाई थी। लोगों को दिखता था कि एटीएम बंद है,



लेकिन उसके पीछे के रास्ते से साइबर ठग पैसे निकलवाते थे। जिस व्यक्ति की दुकान में एटीएम लगा था वह ठगों से पैसे निकालने के लिए 20 प्रतिशत कमीशन लेता था। टीम ने शातिर एटीएम संचालक सौराव पुत्र चन्द्र खान निवासी सीकरी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मौके से 1 लाख 41 हजार नकद, विभिन्न बैंकों के 26 एटीएम कार्ड, 10 चेक बुक व 14 पासबुक बरामद की गई। इस कार्रवाई में राम सिंह नाथावत पुलिस निरीक्षक, हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, कमल सिंह, रामनिवास लोछब, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह व विश्राम चालक की भूमिका विशेष रही।

### तीन थानों की संयुक्त कार्रवाई

पुलिस थाना जुरहरा, सीकरी व खोह थाना की ओर से साइबर ठगों के खिलाफ सयुक्त कार्रवाई की है। इसके तहत 8 शातिर ठगों को गिरफ्तार कर 2 बाल अपचारियों को निरूद्ध किया है। उनके पास से 3,36,100 रुपए, 80 एटीएम कार्ड, 10 क्यूआर कार्ड, 23 बैंक पास बुक, 26 चेक बुक, एक फर्जी आधार कार्ड व उपकरण बरामद किए गए।

**वंदे भारत ट्रेन का** नियमित संचालन शुरू

# बिफोर टाइम पहुंची साबरमती

**बेधड़क** | पाली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हरी झंडी दिखाने के बाद राजस्थान की दूसरी वंदे भारत ट्रेन का रविवार को जोधपुर से साबरमती के बीच नियमित संचालन आरंभ हो गया। पहले दिन ट्रेन साबरमती रेलवे स्टेशन पर निर्धारित समय से दस मिनट पहले ही पहुंच गई।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जोधपुर-साबरमती ट्रेन नियमित चलना आरंभ हो गई। उन्होंने बताया कि पहले दिन यात्रियों की ऑक्यूपेंसी जोधपुर से साबरमती जाने में दोनों श्रेणियों में करीब 62 प्रतिशत रही तथा वापसी में साबरमती से जोधपुर के बीच



ऑक्यूपेंसी लगभग 50 प्रतिशत रही। उन्होंने आने वाले दिनों में वंदे भारत ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद जताई।

वंदे भारत ट्रेन में पहले दिन जोधपुर से साबरमती के बीच 333 यात्रियों ने यात्रा की। वापसी में साबरमती से जोधपुर के बीच फाइनल चार्ट में 248 यात्रियों ने अपनी टिकट बुक करवाई। इसमें मार्ग के स्टेशनों की करंट बुकिंग अलग है।

### स्पेशल ड्रेस कोड में नजर आए TTE

ट्रेन के जोधपुर से रवानगी के पहले दिन टिकट चेकिंग स्टाफ विशेष ड्रेस कोड में नजर आया। जिससे दूर से ही उनके वंदे भारत के टीटीई होने की पहचान सुनिश्चित हो रही थी। नई व अनूठी ट्रेन में नई ड्रेस कोड में टीटीई सुनील त्यागी, धर्मेश जोशी व नीतीश गहलोत नए अनुभव से काफी खुश थे।

**यूडीएच मंत्री धारीवाल ने फीता काटकर किया उद्घाटन**

# नागरिकों के साथ कोचिंग विद्यार्थियों का तनाव भी कम करेगी चौपाटी

**बेधड़क** | कोटा

स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने रविवार को राजस्थान आवासन मंडल की ओर से कुंहाड़ी आवासीय योजना में निर्मित 'कोटा चौपटी' का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान आयुक्त पवन अरोड़ा सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए स्वायत्त शासन मंत्री धारीवाल ने कहा कि कोटा चौपाटी कुंहाड़ी के कोचिंग एरिया में बनी है।

यह स्थानीय नागरिकों के साथ देशभर से यहां कोचिंग के लिए आने वाले विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करने एवं स्वादिष्ट व पौष्टिक खान-पान के लिए कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यहां विद्यार्थी सुरक्षा एवं पूरी आजादी के साथ लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल ने जयपुर की तर्ज पर बहुत ही गुणवत्तापूर्ण तरीके से इस चौपाटी का निर्माण किया है। यह देसी-विदेशी पर्यटकों के लिए भी मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनेगी। यहां पर भांति-भांति के लजीज व्यंजन एक जगह मिल सकेंगे। मंत्री धारीवाल ने लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों एवं पंडितों द्वारा मंत्रोचारण के साथ चौपाटी का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने स्टॉल्स का अवलोकन कर व्यंजनों का स्वाद भी चखा।



### मंत्री ने की गुणवत्ता और कॉन्सेप्ट की तारीफ

स्वायत्त शासन मंत्री ने चौपाटी के डिजाइन, निर्माण और गुणवत्ता को देखकर काफी प्रशंसा करते हुए इसे बेहतरीन बताया। उन्होंने इसका श्रेय आवासन आयुक्त और उनकी टीम को देते हुए कहा कि आयुक्त के नेतृत्व में राजस्थान आवासन मंडल बहुत ही अच्छा काम कर रहा है। आवासन मंडल ने अधिशेष आवासों को बेच भी दिया है और रिकॉर्ड राजस्व भी अर्जित किया है।

### आवासन मंडल भविष्य में होगा और मजबूत

नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल भविष्य में और मजबूत होगा तथा इसका विस्तार होगा। आम आदमी का सपना होता है कि खुद का घर हो, लेकिन निजी बिल्डर बहुत महंगा घर बनाते है। ऐसी स्थिति में उसे घर खरीदने में परेशानी आती है। आवासन मण्डल अपनी मूल भावना के अनुरूप उनके घर के सपने को साकार कर रहा है। अब उपखंड स्तर पर भी आवासन मंडल नागरिकों को आवास को सपना पूरा करने जा रहा है।

### कोटा चौपाटी में हैं ये सुविधाएं

चौपाटी में आगंतुकों के बैठने की अच्छी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा आरओ का शुद्ध पानी, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित टॉयलेट, सीसी टीवी कैमरे, एलईडी साउंड सिस्टम, सेल्फी पाइंट, वाई-फाई, ग्रीनरी, वीडियो वॉल, ऑटोमेटिक सैनेटाइजेशान मशीन, फायर फाइटिंग सिस्टम तथा दुपहिया पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभासिंह, महापौर कोटा उत्तर मंजू मेहरा, जिला कलेक्टर ओपी बुनकर, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, अमित धारीवाल, अल्पा चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी, पार्षद एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### एलिवेटेट रोड का लोकार्पण

स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने यातायात की सुगम सुविधा प्रदान करने वाले शहर के 10वें बड़े प्रोजेक्ट बोरखेड़ा फ्लाईओवर को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोटा में सुगम यातायात एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए शुरू की गई सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी क्षेत्रों में नागरिकों के लिए सुगम यातायात के लिए सड़क, फ्लाईओवर, अंडरपास, पेयजल परियोजनाएं, पर्यटन विकास के कार्य हाथ में लिए गए थे, जिन्हें 3 साल में पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर बनने से बारां से आने वाले नागरिकों के साथ स्थानीय वांशिदों को आवागमन की सविधा मिलेगी। इससे लोगों के समय एवं ईधन की बचत होगी तथा शहर में प्रदूषण भी कम होगा।

## पिंकसिटी पानी-पानी... सड़क पर दरिया ...वाहनों की रेलमपेल ...गिरे वाहन चालक



@ एसएमएस हॉस्पिटल


@ जेएलएन मार्ग


@ रामगंज चौपड़

*राजधानी में रविवार शाम को हुई बरसात से पिंकसिटी पानी-पानी हो गई। बरसात में जगह-जगह पानी भर गया। एसएमएस अस्पताल के बाहर ऐसा लग रहा था जैसे नदी बह रही हो। नारायण सिंह सर्किल पर भी लगभग ऐसा ही हाल था। इसके चलते वाहन चालकों के जेएलएनमार्ग का रुख करने से वहां जाम की स्थिति बनी रही। एसएमएस अस्पताल के बाहर एक किलोमीटर से भी लंबा जाम लग गया, जिसे खोलने में प्रशासन को घंटे भर से भी अधिक समय लग गया। परकोटे में रामगंज चौपड़ पर भी पानी के भराव से वाहन चालक काफी परेशान रहे।* **-फोटो: पंकज शर्मा**

### जरूरी खबर

### ABVP स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण



**जयपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवार को अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया। इकाई अध्यक्ष भारत भूषण ने बताया कि स्थापना दिवस पर राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का दुग्ध अभिषेक कर माल्यार्पण किया। कार्यकर्ताओं ने 500 पौधे लगाने का संकल्प को लेकर विश्वविद्यालय और संघटक कॉलेज में पौधा रोपण किया। कैंपस में 'क्लीन कैंपस-ग्रीन कैंपस' के नाते सफाई अभियान चलाया गया।

### सफारी के दौरान पेड़ से टकराई जिप्सी, दो घायल

**जयपुर।** झालाना लेपर्ड रिजर्व में रविवार सुबह सफारी के दौरान जिप्सी पेड़ से टकरा गई, जिसमें चंडीगढ़ से जयपुर घूमने आए 2 पर्यटक घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। झालाना लेपर्ड रिजर्व के रेंजर जनेश्वर चौधरी ने बताया कि रविवार सुबह 7 बजे चार पर्यटक ट्रैक नंबर दो पर सफारी के लिए निकले थे।

**अपराध:** कानून को ठेंगा दिखा बच निकलते हैं उल्लंघन करने वाले

# अपनी पहचान के लिए लगा रहे पिंकसिटी की पहचान पर दाग

**बेधड़क** | जयपुर

दुनिया के टॉप 10 बेस्ट शहरों की लिस्ट में 8वें नंबर पर शुमार गुलाबी नगरी को अपनी पहचान के लिए बदरंग किया जा रहा है। शहर की प्रमुख इमारतों, दीवारों, मुख्य मार्गों पर लगे संकेतक, होर्डिंग्स, फ्लाईओवर, ब्रिज, परकोटे की दीवार पर नेताओं और तमाम राजनीतिक- सामाजिक संगठनों के पोस्टर अभियान से शहर की स्वस्छता पर काला धब्बा सा लग गया है।

अधिकारियों के सुस्त और लचीले रवैये के कारण इन पर कोई करवाई नहीं की जा रही है। शहर में विशेष रूप से राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र नेताओं द्वारा अपनी राजनीति चमकाने के लिए शहर में जगह-जगह पर पोस्टर चिपका दिए जाते हैं। इससे शहर बदसूरत होने के साथ आमजन और बाहर से आने वाले पर्यटकों को खासी परेशानी होती है।



1


2


3

### यह है नियम

राजस्थान संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम (संशोधित) की धारा 3 में यह प्रावधान है कि जो कोई भी लोगों की दृष्टि में आने वाली किसी भी संपत्ति को विरूपित करेगा या वहां पर थूकेगा, पेशाब करेगा या उस पर पम्पलेट, पोस्टर चिपकाएगा या उस पर कुछ लिखेगा या स्याही से, पेंट से या किसी अन्य पदार्थ से कोई लिखावट लिखेगा तो ऐसा कृत्य करने वाला व्यक्ति संज्ञेय अपराध कारित करने का दोषी होगा और दण्ड का भागी होगा।

### दो वर्ष तक की सजा का है प्रावधान

प्रथम अपराध करने पर कारावास एक वर्ष तक या न्यूनतम जुर्माना पांच हजार और अधिकतम दस हजार तक या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। वहीं, दूसरे अपराध करने पर दो वर्ष तक का कारावास या न्यूनतम दस हजार व अधिकतम बीस हजार जुर्मने तक या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

### जिम्मेदार करें कार्रवाई तो सुधरें शहर के हालत

अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर अगर जिम्मेदार प्रभावी रूप से कानूनी करवाई करें तो शहर के हालात सुधर सकते हैं। अगर मुकदमा दर्ज भी किया जाता है तो किसी बहाने से बच निकलते हैं। शहर में हर जगह सीसीटीवी कैमरे होने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन और जिम्मेदारों के पास पोस्टर चिपकने वालों का उचित सबूत नहीं होने से मामूली जुर्माना अदा कर बच जाते हैं।

> अधिनियम होते हुए भी ऐसे लोग बच निकलते हैं, क्योंकि कोर्ट में पुलिस साबित नहीं कर पाती है कि जिसके बैनर पोस्टर लगे हैं, उसी ने यह लगाए हैं। पुलिस को इसे क्रिमिनल मामलों की तरह संज्ञान में लेकर कोर्ट में पेश करना चाहिए।
>
> **कमल भींडा,** एडवोकेट राजस्थान हाई कोर्ट

> राजस्थान युनिवेर्सिटी परिसर में पोस्टर, पेम्पलेट, बैनर्स नहीं लगाने को लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं। एक बार संबंधित छात्र नेता को नोटिस दिया जाएगा। फिर भी नियमों का उल्ल्घन करेंगे तो विवि प्रशासन द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **नरेश मलिक,** डीएसडब्ल्यू

> अधिनियम का उल्लंघन करने पर पुलिस की ओर से मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। पिछले 7 दिनों में 4 छात्र नेताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया हैं। अगर और भी शिकायत मिलती है और पुलिस के संज्ञान में आया तो नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।
>
> **सुरेंद्र यादव ,** एसएचओ गांधीनगर थाना

**संघर्ष समिति ने दर्ज करवाई एफआईआर**

## राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन में करोड़ों की धोखाधड़ी!

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन के नाम से दूसरी संस्था रजिस्टर्ड करवाकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सख्त नीति बनाने की मांग करते हुए गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव को लिखित में ज्ञापन दिया और अब तक हुई धोखाधड़ी के संबंध में जांच करवाकर कार्रवाई करने की मांग की है। सदस्य संजय जैन व अन्य लोगों ने इस मामले में कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।

रिपोर्ट में बताया कि 1984 से राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन रजिस्टर्ड है, जिसके अध्यक्ष रवि भूषण, सचिव धनपत सेठिया व कोषाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद गुप्ता हैं। इन्होंने झूठे शपथ पत्र देकर राजस्थान केमिस्ट एलायंस के नाम से अलग संस्था रजिस्टर्ड करवाकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर ली। इसमें संस्था के नाम से अलॉट जमीन व मेंबर फीस में हेराफेरी की गई है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू की। केमिस्ट एसोसिएशन बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष किरोड़ी लाल शर्मा ने बताया कि नई संस्था राजस्थान केमिस्ट अलायंस बनाकर करोड़ों की संपत्ति खुर्द-बूर्द करने और संस्था के हजारों सदस्यों को नुकसान पहुंचाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## गोली लगी, फिर भी बदमाश को पकड़ा, मिलेगा गैलेंट्री प्रमोशन

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर के बस्सी थाना इलाके में वाहन चोर सुल्तान उर्फ बंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर फायरिंग में जयपुर सीएसटी के हेड कांस्टेबल नेमीचंद घायल हो गए। इसके बावजूद नेमीचंद ने बहादुरी दिखाते हुए पीछा कर बदमाश को दबोच लिया। बस्सी थानाधिकारी यशवंत सिंह के अनुसार पुलिस मुख्यालय ने मामले की रिपोर्ट मांगी और डीजीपी उमेश मिश्रा ने कांस्टेबल को गैलेंट्री प्रमोशन और सहयोगी एएसआई उम्मेद सिंह को डीजीपी डिस्क और 10 हजार रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा कर दी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**माणक चौक थाना इलाके का मामला**

## महिला को थाने में ही दिया तलाक

**बेधड़क** | जयपुर

बड़ी चौपड़ स्थित महिला थाना नॉर्थ में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को तीन बार तलाक-तलाक-तलाक बोलकर तलाक दे दिया। इस संबंध में पीड़िता जयसिंहपुरा खोर निवासी रेशमा ने पति साबिर खान के खिलाफ माणक चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

इसमें बताया है कि वह महिला थाने नॉर्थ में चल रहे अन्य प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी के पास बयान के लिए पहुंची थी। इसी दौरान उनके पति भी बयान के लिए आए थे। जहां पर बयान देने के बाद बाहर निकलते हुए उनके पति साबिर ने तीन बार तलाक बोलकर उसे तलाक दे दिया। पुलिस ने ट्रिपल तलाक का मामला दर्ज कर जांच एएसआई रईस मोहम्मद को दी गई है। माणक चौक थानाधिकारी राण सिंह के अनुसार पीड़िता ने बूंदी के डाबी निवासी साबिर खान के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि साल 2018 में उसका निकाह बूंदी के डाबी निवासी साबिर खान से हुआ था। इसके बाद से ही दहेज को लेकर पति और ससुराल पक्ष के लोग उसे परेशान करने लगे। उसने 2021 में दहेज प्रताड़ना की एफआईआर दर्ज करवाई थी। इस मामले में उन्होंने राजीनामा कर लिया और दोबारा ऐसी हरकत नहीं करने की बात कहकर उसे अपने साथ ले गए। कुछ दिन बाद ही फिर से प्रताड़ित करने लगे। इस पर उसने 27 फरवरी को महिला थाना नॉर्थ में एफआईआर भी दर्ज करवाई थी।

**अनुकम्पा स्काई लाउंज के बाहर पत्नी-बच्चों सहित धरना**

## बिल्डर ने वादे पूरे नहीं किए तो भड़के फ्लैटधारक

**बेधड़क** | जयपुर

बिल्डर ने वादे पूरे नहीं किए तो उसके विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए। मामला शहर के मुहाना मंडी स्थित एक नामी बिल्डर अभिनंदन लैंड डवलपर ग्रुप के प्रोजेक्ट अनुकम्पा स्काई लाउंज के रहवासियों से जुड़ा है।




उन्होंने प्रोजेक्ट के बाहर महिलाओं और बच्चों सहित तंबू लगाकर धरना दिया और बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने आरोप लगाया कि बिल्डर ने इन सभी को रिसोर्ट-नुमा वातावरण में फ्लैट देने का वादा किया था और लोगों ने खून-पसीने की कमाई से इस प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक कर लिए। पहले तो बड़ी मुश्किल से फ्लैट के पजेशन दिए गए और फिर कोई भी सुविधा मुहैया नहीं करवाई गई।

यहां के निवासियों ने बताया कि करीब 2 साल से अधिक यहां रहने के बावजूद आज-तक बिजली का कनेक्शन उन्हें नहीं मिल पाया है। बिल्डर द्वारा कमर्शियल कनेक्शन से फ्लैट धारकों को बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसका बिल 9.50 पैसे/माह भेजा जा रहा है। यहां हर बरसात में प्रोजेक्ट में पानी भर जाता है, जिससे बिल्डिंग को खतरा पैदा हो गया है। पार्किंग क्षेत्र में बीम में से पानी टपकता है। बिल्डर ने जो भी नक्शा दिखाया था, उसे भी बदल दिया। जब रहवासी विरोध करते है तो बिल्डर उन्हें अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर धमकाता है।

**गलता में कावड़ियों का मेला**

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में गूंजेगा 'बोल बम-ताड़क बम'

**बेधड़क** | जयपुर

भगवान शिव की आराधना के प्रमुख श्रावण मास के पहले वन सोमवार पर शिवालयों से सड़कों तक शिव भक्ति की बयार बहती नजर आएगी। एक ओर जहां शिवालयों में श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे वहीं सड़कों पर कावड़ियों का रैला उमड़ा नजर आएगा। तीर्थस्थली गलता में रविवार रात से ही कावड़ियों का जमघट लगना शुरू हो गया था।

पहले वन सोमवार को लेकर शहर के प्रमुख मंदिरों में पूजा-सेवा सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए माकुल व्यवस्थाएं की गई हैं। चौड़ा रास्ता के ताड़केश्वर नाथ, क्वींस रोड स्थित झाड़खण्ड महादेव, झोटवाड़ा रोड स्थित चमत्कारेश्वर महादेव, जंगलेश्वर महादेव, भूतनाथ महादेव, दिल्ली रोड स्थित द्वादश ज्यार्तिलिंगेश्वर महादेव सहित अन्य बड़े मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई है।

राजपुरोहित पंडित प्रदीप गौड़ ने बताया कि सोमवार को शिवभक्त गलता से कावड़ ले जाकर अपने-अपने इलाकों के शिव मंदिरों में भोलेनाथ का गलता तीर्थ के जल से अभिषेक करेंगे।

इसके साथ ही वन सोमवार का व्रत रखने वाले श्रद्धालु वन-उपवन, बाग-बगीचों, उद्यानों और हरियाली वाली जगहों पर जाकर व्रत खोलेंगे। सावन के पहले सोमवार से कुंवारी युवतियां अच्छे वर की कामना करते हुए सोलह सोमवार के व्रत भी शुरू करेंगी।

### नारियल बंगले में विराजेंगे ताड़कनाथ

सावन के पहले वन सोमवार पर ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे से दर्शन खुलेंगे। इसके साथ ही भक्त ताड़क बाबा का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर सकेंगे। मंदिर महंत शक्ति व्यास ने बताया कि इस बार पहले सोमवार को ताड़कनाथ के नारियल के बंगले की विशेष झांकी सजाई जाएगी। मंदिर में श्रद्धालु दोपहर एक बजे तक ही जलाभिषेक कर सकेंगे। इसके बाद झांकी सजाई जाएगी, जिसमें दर्शन के लिए मंदिर में फूलों की गुफा भी तैयार की जाएगी। शाम 7 बजे महाआरती के साथ नारियल की झांकी के दर्शन खुलेंगे। इसके अलावा सर्व समाज मानसरोवर की ओर से थड़ी मार्केट स्थित चमत्कारेश्वर मंदिर में महारूद्राभिषेक किया जाएगा। इसमें श्रद्धालु शिवजी के अभिषेक कर पुण्य कमाएंगे। इस दौरान 11 विद्वान रुद्रीपाठ करेंगे। इसके अलावा धूलेश्वर महादेव मंदिर में भी भूतनाथ बाबा की विशेष झांकी सजेगी। अमरापुरा स्थान में दिव्य द्रव्यों से भगवान शिव का महाभिषेक किया जाएगा तथा भस्म आरती की जाएगी।



### ताड़केश्वर मंदिर के बाहर नहीं लगेगा पार्किग शुल्क

चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को अब पार्किंग शुल्क नहीं देना पड़ेगा। नगर निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने पार्किंग ठेकेदारों को इसके लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ताड़केश्वरजी मंदिर जयपुरवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। पिछले दिनों कुछ भक्तों ने मुझे बताया गया था कि मंदिर में दर्शन करने के लिए भी 30 रुपए पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। इसके बाद नगर निगम अधिकारियों से बातचीत कर सावन महीने में भक्तों के वाहनों को फ्री पार्किंग के आदेश दिए हैं। महापौर ने बताया कि चौड़ा रास्ता की पार्किंग व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए रेवेन्यू ऑफिसर को नियुक्त किया गया है, जो ठेकेदारों की मॉनिटरिंग के साथ मंदिर में आने वाले भक्तों की सुविधाओं का ध्यान रखेंगे।

### मंजीरे और ढोल की धुन के साथ निकलेगी कावड़ यात्रा

पिछले साले कांवड़ यात्रा में डीजे बैन होने के बाद से शिव भक्तों ने ढोल और मंजीरों से माहौल को गुजायमान कर दिया था। इस बार भी कावड़ यात्रा में डीजे पर पाबंदी रखी गई है। ऐसे में शहर की सड़कों पर मंजीरे और ढोल की धुन के बीच कावड़ यात्राएं निकाली जाएंगी। इस दौरान सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रखने के निर्देश दिए हैं।

### सियासत: पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

# हिंसा की आग में झुलसता बंगाल



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार



पश्चिम बंगाल के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में एक बार फिर कानून-व्यवस्था पर हिंसा भारी पड़ी है। तकरीबन 15 लोगों की जान गई है और कई लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। राज्य के कई हिस्सों में बूथ से बैलेट बॉक्स लेकर भागने, तोड़ने और आग लगाने जैसी हिंसक घटनाएं देखने को मिली है। सर्वाधिक हिंसा और हत्या की घटनाएं उत्तरी दिनाजपुर, माल्दा, कूचबिहार,मुर्शिदाबाद, पूर्वी वर्धमान, नदिया के छपरा और दक्षिण चौबीस परगना जिलों में हुई है। ये वे जिले हैं जो पहले भी चुनावी हिंसा और जातीय-सांप्रदायिक हिंसा की आग में धधक चुके हैं।

बावजूद इसके सुरक्षा का माकूल बंदोबस्त क्यों नहीं किया गया, आश्चर्य में डालने वाला है। राज्य सरकार अपना चाहे जितना बचाव करे, लेकिन यह हिंसा और तांडव राज्य में रसातल में जा पहुंची कानून-व्यवस्था और सत्ता नियामक के पक्षपातपूर्ण रवैए को ही उद्घाटित करता है। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब पश्चिम बंगाल चुनावी हिंसा की लपटों से झुलसा हो। राज्य में जब भी चुनाव होता है बगैर हिंसा के संपन्न नहीं होता। 2021 विधानसभा चुनाव में भी हिंसा में कई लोगों को जान गई। इन चुनावी हिंसाओं को देखते हुए अब ऐसा प्रतीत होने लगा है मानो राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है। अन्यथा क्या मजाल कि राज्य सरकार और उसकी मशीनरी सतर्क रहे और अराजक तत्व हिंसा करके निकल जाए।

मौजूदा हालात से तो यही लग रहा है मानो सिस्टम नींद की गोलियां लेकर सो रहा है और हिंसा करने वाले अराजक तत्व आजाद हैं। गौर करें तो देश के किसी न किसी राज्य में हर वक्त चुनाव होता रहता है, लेकिन पश्चिम बंगाल जैसी अराजकता और हिंसा का परिदृश्य कहीं भी देखने को नहीं मिलता है। इसका सीधा तात्पर्य यह है कि राज्य सरकार में हिंसा रोकने की इच्छाशक्ति नहीं है। जब ममता बनर्जी 2011 में वामपंथी दलों के साढ़े तीन दशक के शासन को उखाड़ फेंककर सत्ता में आई तो उम्मीद जगी कि पश्चिम बंगाल में शांति और भाईचारे के बीज प्रस्फुटित होंगे। चुनावी हिंसा का दौर थमेगा और लोकतंत्र की जड़ मजबूत होगी। तब ममता बनर्जी ने वादा भी किया था कि वे एक नई किस्म की राजनीति की शुरुआत करेंगी, लेकिन उनके सारे वादे धरे की धरे रह गए। सच कहें तो तृणमूल कांग्रेस ने भी वामदलों की ही तरह तुष्टीकरण की नीति अपनाई और अपने कार्यकर्ताओं के हिंसक भरे काम पर लगाम कसने की जहमत नहीं उठाई। नतीजा हिंसक कार्यकर्ताओं को सरकार की शह पर पुलिस और प्रशासन से भी संरक्षण मिलने लगा। पिछले कुछ वर्षों में विरोधी दलों के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या इसका जीता जागता सबूत है।

> सच कहें तो तृणमूल कांग्रेस ने भी वामदलों की ही तरह तुष्टीकरण की नीति अपनाई और अपने कार्यकर्ताओं के हिंसक भरे काम पर लगाम कसने की जहमत नहीं उठाई। नतीजा हिंसक कार्यकर्ताओं को सरकार की शह पर पुलिस और प्रशासन से भी संरक्षण मिलने लगा। पिछले कुछ वर्षों में विरोधी दलों के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या इसका जीता जागता सबूत है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि हत्यारे सलाखों से बाहर हैं और आमजन भयभीत है। बंगाल के नागरिकों की मानें तो विधि-शासन में तृणमूल कांग्रेस का हस्तक्षेप ही राजनीतिक और चुनावी हिंसा के लिए जिम्मेदार है। लोगों का कहना है कि तृणमूल कार्यकर्ताओं के मन में कानून को लेकर तनिक भी भय नहीं है।

दुर्भाग्यपूर्ण यह कि हत्यारे सलाखों से बाहर हैं और आमजन भयभीत है। बंगाल के नागरिकों की मानें तो विधि-शासन में तृणमूल कांग्रेस का हस्तक्षेप ही राजनीतिक और चुनावी हिंसा के लिए जिम्मेदार है। लोगों का कहना है कि तृणमूल कार्यकर्ताओं के मन में कानून को लेकर तनिक भी भय नहीं है। इस स्थिति ने तृणमूल कांग्रेस और वामपंथ के फर्क को मिटा दिया है, जिस वामपंथ का सिद्धांत हुआ करता था कि सत्ता बंदूक की नली से होकर गुजरती है। संभवतः उसी सिद्धांत पर मौजूदा सरकार भी चल रही है। सूबे में राजनीतिक मर्डर अब आम बात हो गई है। एनसीआरबी ने 2018 की अपनी रिपोर्ट में कहा था कि पूरे साल के दौरान देश में होने वाली 54 राजनीतिक हत्याओं के मामलों में से 12 बंगाल से जुड़े थे, जबकि उसी साल केंद्रीय गृह मंत्रालय की रिपोर्ट की मानें तो पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा में 96 लोगों की जान गई। हालात कितने बदतर हैं इसी से समझा जा सकता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह जब बंगाल में रोड शो कर रहे थे तब उनके काफिले पर हमला हुआ। उस दौरान ममता सरकार ने अपनी राज्य मशीनरी का बचाव करते हुए इसे भाजपा की साजिश करार दिया।

> *राज्य के मुखिया द्वारा इस तरह का असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक बयान रेखांकित करता है कि राज्य में एक ऐसी सरकार है जिसके लिए संविधान, राज्यपाल और केंद्र-राज्य संबंध का कोई मूल्य-महत्व नहीं है। गत वर्ष पहले उत्तरी दिनाजपुर की आरक्षित सीट हेमताबाद से भाजपा विधायक देबेंद्र नाथ रे की हत्या कर उनके शव को फंदे से लटका दिया गया, जिस राज्य में जनता के प्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं, भला वहां जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी होगी।*

याद होगा उसी समय घाटल सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष पर भी तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने जानलेवा हमला बोला, लेकिन एक भी कार्यकर्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। याद होगा वर्ष 2018 के पंचायत चुनाव में भी जमकर हिंसा हुई थी। तब तृणमूल के कार्यकर्ताओं पर विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप लगा। तब पंचायत चुनाव में हुई धांधली और राजनीतिक हिंसा को लेकर सभी विपक्षी दलों ने सरकार पर पक्षपातपूर्ण आरोप लगाया और कहा कि राज्य की पुलिस तृणमूल के कॉडरों जैसा व्यवहार कर रही है। तब भी विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि जो अधिकारी राजनीतिक हिंसा की निष्पक्षता पूर्वक जांच करते हैं उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है। यानी उन्हें विधि सम्मत कार्य नहीं करने दिया जाता। विपक्षी दलों द्वारा इस पंचायत चुनाव में भी कमोवेश उसी तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। ममता सरकार को जवाब देते नहीं बन रहा है। गौर करें तो 1960-70 के दशक में जब नक्सल आंदोलन की शुरुआत हुई। उसी समय से पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का दौर जारी है। वामपंथी दलों ने चुनाव जीतने के लिए विरोधी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या की नीति अपनाई और स्थाई तौर पर इसे जीत का मंत्र बना लिया। वामपंथियों ने यहां तीन दशक शासन किया, लेकिन विकास का ढांचा तैयार करने के बजाय अपने शासन के उग्र तेवर और अराजक कार्यकर्ताओं के दम पर राज्य की अर्थव्यवस्था को मटियामेट कर दिया।

समाज में आर्थिक बराबरी की स्थापना के नाम पर तानाशाही की नींव डाली। आंकड़े बताते हैं कि पश्चिम बंगाल में 1977 से 2022 तक 29 हजार से अधिक राजनीतिक हत्याएं हो चुकी हैं। सिंगूर और नंदीग्राम के आंदोलन के दौरान सत्ता नियोजित हत्या ने देश को दहला दिया। ममता बनर्जी और वामपंथी दलों के बीच छत्तीस का आंकड़ा तब तक बना रहा जब तक कि ममता ने वामपंथी दलों को सत्ता से उखाड़ नहीं फेंका। हालांकि अब आज की तारीख में ममता बनर्जी का सबसे बड़ा सियासी शत्रु वामपंथी नहीं बल्कि भाजपा है।

दरअसल बंगाल की भूमि पर भाजपा के उभार ने ममता को डरा दिया है। बंगाल की भूमि भाजपा के लिए उर्वर बनती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत लोकसभा चुनाव से ही पश्चिम बंगाल में अपनी रैलियों के जरिए भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल निर्मित किया है। कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। इसी वजह से ममता बनर्जी विचलित हैं और प्रतिक्रिया स्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तल्ख टिप्पणियां करती नजर आती हैं। कभी वह प्रधानमंत्री को मिट्टी-कंकड़ से बनी मिठाई खिलाने की बात करती हैं तो कभी उन्हें थप्पड़ लगाने की हुंकार भरती हैं, लेकिन वे ऐसा कर न सिर्फ देश के प्रधानमंत्री का उपहास उड़ाती हैं बल्कि खुद की गरिमा को भी धूलधुसरित करती हैं।

याद होगा गत वर्ष पहले उन्होंने राज्य के उत्तरी चौबीस परगना में फेसबुक से फैले तनाव के लिए जिम्मेदार गुनाहगारों पर कार्रवाई करने से बचने की कोशिश में तत्कालीन राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी को ही निशाने पर ले लिया था। तब वे कहती सुनी गई थी कि टेलीफोन पर बातचीत के दौरान राज्यपाल उनसे ऐसे बर्ताव कर रहे थे मानो वे भाजपा के ब्लॉक प्रमुख हों। उनके एक अन्य नेता डेरेक ओ ब्रायन ने तो यहां तक कह डाला कि पश्चिम बंगाल में राजभवन आरएसएस शाखा में बदल चुका है। राज्य के मुखिया द्वारा इस तरह का असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक बयान रेखांकित करता है कि राज्य में एक ऐसी सरकार है जिसके लिए संविधान, राज्यपाल और केंद्र-राज्य संबंध का कोई मूल्य-महत्व नहीं है। राज्य में कानून व्यवस्था किस कदर बिगड़ चुकी है इसी से समझा जा सकता है कि गत वर्ष पहले उत्तरी दिनाजपुर की आरक्षित सीट हेमताबाद से भाजपा विधायक देबेंद्र नाथ रे की हत्या कर उनके शव को फंदे से लटका दिया गया। समझा जा सकता है कि जिस राज्य में जनता के प्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं, भला वहां जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी होगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### व्यंग्य

## रिमोट से चलती दुनिया



यशवंत गोरे
व्यंग्यकार

जब तक हमारे घर में रिमोट से चलने वाला रंगीन टीवी नहीं आया था, तब तक हम रिमोट का मतलब दूरदराज का इलाका ही समझते थे। पीड़ित कर्मचारियों की पीड़ा सुनते थे कि ट्रांसफर रिमोट में हो गया है। देश ने विकास की ऐसी गति पकड़ी कि रिमोट एरिये तो अब कम हो गए हैं पर हर घर और ऑफिस में उपयोग में आने वाली हर चीज रिमोट से चलने लगी है। हर स्मार्ट आदमी जरूरत की चीजों को रिमोट से चलने वाली खरीदने का आदी हो गया है। टीवी हो, पंखे हों, घर की बिजली, बिजली से चलने वाले उपकरण, दो पहिया/चार पहिया वाहन हों, रिमोट से चलने वाले उपलब्ध हैं।

कुछ दिन पहले दिल्ली के एक नेता के बंगले में रिमोट से चलने वाले पर्दों की भी चर्चा पूरे देश में हुई थी। सबसे ज्यादा फायदा और मजा टीवी के रिमोट चलाने में आता है। जिसे सोते हुए, सोफे पर पसर कर, खाना खाते हुए, खड़े-खड़े, बैठे हुए, अकेले में, परिवार के साथ कैसे भी टीवी रिमोट के बटन दबाते हुए देख सकते हो। पल भर में सास बहू के झगड़े देखना हो तो दूसरे पल नेताओं की बहस भी देख सकते हो।

अपना भविष्य भी जान लो तो, बाबाओं के प्रवचन भी सुन लो, मन पसंद हीरो-हीरोइन की फिल्म देखना है, आईपीएल हो या टेस्ट मैच, कोई रेसिपी सीखना या शरीर को तंदुरुस्त रहने के तरीके सब एक हाथ में रिमोट रखकर जान सकते हो। पत्नी से झगड़ने का मूड हो जाए तो सास बहू का सीरियल वाला चैनल बदलकर न्यूज चैनल पर चलने वाली बहस देखना शुरू कर दो, आपके घर में भी बहस शुरू हो जाएगी। शादी के बाद तो पति वैसे भी रिमोट से चलने लगता है, इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक बटन वाले रिमोट की जरूरत नहीं है, पत्नी की एक उंगली ही रिमोट का काम करती है, जिसके इशारे पर पत्नी जैसा चाहती है पति घूमता रहता है। रिमोट के कमांड से यदि इलेक्ट्रॉनिक आइटम नहीं चलता है तो माना जाता है या तो रिमोट खराब है या वह आइटम। यही बात पति-पत्नी पर भी लागू होती है। अब तो नेताओं द्वारा किये जाने वाले उद्घाटन या शिलान्यास के लिए कैंची-रिबन की जगह भी रिमोट ने ले ली है। नेताओं को उद्घाटन के लिए अपने क्षेत्र में जाने की जरूरत नहीं है। चुनाव जीतने के बाद मतदाता अपना रिमोट नेताओं को दे देते हैं। अगले चुनाव तक मतदाताओं के पास जाने की जरूरत नहीं। रिमोट के माध्यम से कही से भी शिलान्यास-उद्घाटन कर दो। अब तो सरकारें भी रिमोट से चलने लगी हैं, ऐसा बताया जाता है कि हमारे देश की सरकार 10 साल तक रिमोट से चलती हुई देखी गई।

राजनीति में इस रिमोट को हाईकमान के नाम से जाना जाता है। देश की सरकार पर भी राज्यों की सरकारों को रिमोट से चलाने का आरोप भी विपक्ष की पार्टियां लगाती रहती है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, कोर्ट जैसी संस्थाओं को चलाने के लिए सरकार रिमोट अपने पास रखती है ऐसी बातें भी की जाती है। विपक्षी एकता में सबसे बड़ा रोड़ा भी रिमोट ही है। हर पार्टी का नेता रिमोट अपने पास रखना चाहता है। पार्टी के मुखिया अपनी पार्टी का रिमोट किसी और को देने के बजाय अपने परिवार की अगली पीढ़ी के हाथ में देना चाहता है। अब तो एक ऐसा रिमोट चाहिए और जिसकी सख्त जरूरत है जो देश की जनता के हाथ में हो जो नेताओं को अपनी मर्जी और जरूरत के हिसाब से चला सके।



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
बीकानेर में जिस प्रकार से भारी संख्या में जुटकर जनता-जनार्दन ने अपना प्यार और आशीर्वाद दिया, वो मन को आह्लादित कर गया है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
वन में नव जीवन सरिस्का टाइगर रिजर्व से 2 शावकों के जन्म का सुखद समाचार मिला। अब सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
कार्य-जीवन संतुलन जैसी कोई चीज नहीं है, यह सब जीवन है। संतुलन आपके भीतर होना चाहिए।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
यदि आप सफलता की ऊंचाई पर हैं तो धीरज अवश्य रखना, क्योंकि ये बात पक्षी भी जानते हैं कि आसमान में बैठने की जगह नहीं होती



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु
@Srisri
आत्मज्ञान कोई आकर्षक अनुभव नहीं है। यह हमारे अस्तित्व के मूल में स्वयं को स्थापित करने के बारे में है।

### नॉलेज कॉर्नर: 108 वर्ष पहले की गई थी इसकी स्थापना

# मिस्र का सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल'

भारत में प्राचीन काल से 'अतिथि देवो भव:' की परंपरा रही है। इसलिए सदियों से यह प्रचलन चला आ रहा है कि घर में जब भी कोई मेहमान आता है, तो उसका पूरा मान-सम्मान के साथ स्वागत सत्कार किया जाता है, लेकिन यह परम्परा केवल भारत में ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में है। अन्य देशों में भी मेहमानों का स्वागत किया जाता है। अमेरिका, जापान व चीन कई देशों में सम्मान के रूप में अवॉर्ड से भी नवाजा जाता है। ऐसा ही एक अवॉर्ड है 'ऑर्डर ऑफ द नाइल', जो मिस्र देश में दिया जाता है। दरअसल यह विशेष पुरस्कार है, जिसे बेहद खास मेहमान या व्यक्ति को दिया जाता है। इस खास पुरस्कार के बारे में जानते हैं आज के कॉर्नर में...

## ऑर्डर ऑफ द नाइल के बारे में

ऑर्डर ऑफ द नाइल पुरस्कार शुद्ध सोने का बना हुआ है, जिसमें तीन विशेष प्रतीक दिखाई देते हैं। वर्ष 1953 के बाद से इसे मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान के रूप में मान्यता मिली। इस पुरस्कार में तीन वर्गाकार सोने के टुकड़े होते हैं, जिन पर विशेष प्रतीक प्रदर्शित होते हैं। इन तीनों प्रतीकों के अलग-अलग संदेश हैं। इसके पहले टुकड़े का उद्देश्य देश को बुराइयों से बचाना है। दूसरे टुकड़े का अर्थ नील नदी द्वारा लाई गई समृद्धि और खुशी से संबंध रखना है। इसका तीसरा टुकड़ा धन और सहनशक्ति को दर्शाता है। सामान्य शब्दों में कह सकते हैं कि यह मिस्र की सभ्यता, सस्कृति और इतिहास को दर्शाता है। इसी कारण इसे मिस्र का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। इसके मध्य में एक पुष्प आकृति बनी हुई है, जिसे फिरोजा और माणिक से जड़ा गया है।



## इतिहास

ऑर्डर ऑफ द नाइल यानी किलादत एल निल की स्थापना वर्ष 1915 में हुई थी, लेकिन वर्ष 1953 में राजशाही समाप्त होने के साथ ही इसे बंद कर दिया गया। इसके बाद मिस्र गणराज्य के सर्वोच्च राज्य सम्मान के रूप में इसे वापस गठित किया गया। यह मिस्र साम्राज्य के प्रमुख आदेशों में से एक था। इस ऑर्डर की स्थापना मिस्र के सुल्तान हुसैन कामेल द्वारा की गई थी। शुरुआत में इसे देश के लिए अपनी उपयोगी सेवा प्रदान करने वाले व्यक्तियों को दिया जाता था। इस्माइल के आदेश के बाद इसका दूसरा स्थान था। अधिकतर इसे मिस्र में काम करने वाले ब्रिटिश अधिकारियों और मिस्र के प्रतिष्ठित नागरिकों को दिया जाता था।

**पीएम मोदी को मिला सम्मान**

*हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र की यात्रा पर गए। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने उन्हें ऑर्डर ऑफ द नाइल से नवाजा। मोदी को पिछले 9 वर्षों में ऐसे 13 सम्मानों से नवाजा जा चुका है। यह अवॉर्ड पेंडेंट है, जो नील नदी का प्रतिनिधित्व करता है। इसका उद्देश्य उत्तर और दक्षिण को एक साथ लाना है।* **कंटेंट: सुप्रिया सरकार**

## मन, शरीर, अध्यात्म, श्रृंगार और समर्पण की सीख देता है श्रावण मास

# सावन मनभावन

- अपनी जड़ों की तरफ ले जाता है
- रिश्तों को मजबूती देता है
- सुंदरता और खुशियों का करता है प्रसार

*सावन का महीना साल का सबसे आकर्षक महीना होता है। यह कई मायनों में खास है, बारिश की रिमझिम जहां मन को बहुत सुहाती है तो वहीं प्रकृति इसी मौसम में हरियाली की चुनर ओढ़ती है। वाणी बोल बम के जयकारे लगाती है तो वहीं त्योहारों की मिठास मुंह में घुल जाती है। एक नहीं कई संदेश देता है मनभावन सावन। धर्म-कर्म, साज- श्रृंगार से लेकर भावनाओं की बयार तक, एक सावन कई सीख देकर जाता है।*





### इस बार ज्यादा आनंद देगा यह माह

इस साल सावन का महीना कई मायनों से बेहद खास है। अधिक मास की वजह से इस बार सावन महीने की शुरुआत 04 जुलाई को हुई है और समापन 31 अगस्त 2023 को होगा। भोले शंकर के भक्त उन्हें पूरे 59 दिनों तक प्रसन्न करने के उपाय कर सकते हैं।इस बार सावन में पड़ने वाले सावन सोमवार के व्रतों की संख्या 8 होगी और ऐसे में, भक्त शिवजी की कृपा प्राप्त करने के लिए 8 सावन सोमवार के व्रत रख सकेंगे। वैदिक पंचांग के अनुसार चंद्र वर्ष में 354 और सौर वर्ष में 365 दिन होते हैं। इन दोनों के बीच 11 दिनों का अंतर देखने को मिलता है और हर तीन साल के अंतराल पर पड़ने से यह अंतर 33 दिनों का हो जाता है। इसी प्रकार, प्रत्येक तीसरे साल में 33 दिनों का अलग अतिरिक्त महीना बन जाता है जिसे अधिकमास कहा जाता है और इसकी वजह से ही वर्ष 2023 में सावन दो महीनों का हो रहा है।

### पढ़ाता है अध्यात्म का पाठ

सबसे पहले बात धर्म या अध्यात्म की। श्रावण अध्यात्म का पाठ पढ़ाता है। इस मास में भगवान शिव की पूजा-आराधना का विशेष विधान है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह महीना वर्ष का पांचवां माह है और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार सावन का महीना जुलाई-अगस्त में आता है। इस दौरान सावन सोमवार व्रत का सर्वाधिक महत्व बताया जाता है। दरअसल श्रावस मास भगवान भोलेनाथ को सबसे प्रिय है। इस माह में सोमवार का व्रत और सावन स्नान की परंपरा है। श्रावण मास में बेल पत्र से भगवान भोलेनाथ की पूजा करना और उन्हें जल चढ़ाना अति फलदायी माना गया है। शिव पुराण के अनुसार जो कोई व्यक्ति इस माह में सोमवार का व्रत करता है भगवान शिव उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। सावन के महीने में लाखों श्रद्धालु ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए हरिद्वार, काशी, उज्जैन, नासिक समेत भारत के कई धार्मिक स्थलों पर जाते हैं।

### समर्पण हो तो कांवड़ियों जैसा

अब बात कांवड़ियों की। मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि जब देवताओं और असुरों के बीच समुद्र मंथन हो रहा था तब उस मंथन से 14 रत्न निकले। उन चौदह रत्नों में से एक हलाहल विष भी था, जिससे सृष्टि नष्ट होने का भय था। तब सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान शिव ने उस विष को पी लिया और उसे अपने गले से नीचे नहीं उतरने दिया। विष के प्रभाव से महादेव का कंठ नीला पड़ गया और इसी कारण उनका नाम नीलकंठ पड़ा। कहते हैं रावण शिव का सच्चा भक्त था, वह कांवड़ में गंगाजल लेकर आया और उसी जल से उसने शिवलिंग का अभिषेक किया और तब जाकर भगवान शिव को इस विष से मुक्ति मिली। श्रावण के पावन मास में शिव भक्तों के द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान लाखों शिव भक्त तीर्थ स्थलों से जल से भरी कांवड़ को अपने कंधों रखकर पैदल लाते हैं और बाद में वह शुद्ध जल शिव को चढ़ाया जाता है। अपने कंधों पर कांवड़ लिए नाचते गाते भोले बाबा को जल अभिषेक करने के लिए आगे बढ़ते हैं। कांवड़ियों का समर्पण देखते ही बनता है।

### पाचन तंत्र को दें थोड़ी राहत

सावन का प्रत्यक्ष और परोक्ष संबंध आहार-विचार से भी है। मान्यताओं के अनुसार सावन के पूरे महीने में सात्विक भोजन ही करना चाहिए। इस महीने में लहसुन, प्याज, मांस, मछली, अंडा और किसी भी तरह के मांसाहार से परहेज करना चाहिए। इसके अलावा शराब-सिगरेट और दूसरे नशे से भी दूर रहना चाहिए। वैसे, व्रत के दिन फलाहार करना सबसे अच्छा माना जाता है। लेकिन अगर भोजन बनाएं, तो इसे पूरी शुद्धता के साथ बनाएं। इसके अलावा कुछ लोग शिव पूजन के लिए पूरे सावन व्रत रखते हैं। ये लोग फलाहार कर सकते हैं या एक समय सात्विक भोजन कर सकते हैं। आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार, आषाढ़ और सावन का महीना बारिश का महीना कहलाता है। इस मौसम में हमारा पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है और कई तरह की संक्रामक बीमारियां फैलने का भी डर रहता है। यह विशेष रूप से मानसून में अधिक कारगर होता है, जब पर्यावरण में वाटरबॉर्न और एयरबॉर्न बैक्टीरियल इंफेक्शन में वृद्धि हो जाती है। इसलिए इस अवधि के दौरान उपवास करने से न सिर्फ आपका शरीर डिटॉक्स होता है, बल्कि मन भी शांत होता है। इससे न सिर्फ हमारा मन तनाव मुक्त होता है, बल्कि शरीर भी डिटॉक्स होता है।

### मन -विचार सब रहता है शांत

सावन में वातावरण खुशनुमा होता है। आसमान से बरसता हुआ पानी जहां मन को शांत करता है, वहीं तनाव में भी कमी लाता है। इसका प्रभाव हमारे विचारों पर भी पड़ता है। सात्विक खाद्य पदार्थों का सेवन करने से आपको अपने मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन प्राप्त करने में मदद मिलती है। मेडिकल साइंस भी मानता है कि अधिक तेल-मसाले वाला भोजन, अत्यधिक शराब का सेवन ब्लड प्रेशर को बढ़ा देता है। ब्लड प्रेशर बढ़ने पर व्यक्ति में क्रोध की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। सात्विक भोजन पचने में आसान होता है और यह हमारे शरीर को भरपूर पोषण भी देता है। दूसरी ओर, उपवास शरीर में उचित संतुलन बनाए रखने में सहायता करता है।

### रखें अपने स्वास्थ्य का ध्यान

तपती गर्मियों के बाद बारिश का मौसम आना किसी तोहफे से कम नहीं होता है। लोग मानसून का इंतजार करते हैं, ताकि गर्मी से कुछ समय के लिए राहत मिल सके। लेकिन आपने भी देखा होगा कि गर्मियों के बाद आने वाला बारिश का मौसम ठंडक के साथ-साथ कई प्रकार की बीमारियां लेकर आता है। लोगों को फंगस व अन्य कई प्रकार के संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है और वहीं मच्छरों के कारण मलेरिया व डेंगू जैसे रोगों के मामले भी फिर से बढ़ जाते हैं। अस्थमा के मरीजों को भी बारिश बारिश के दिनों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में पूरी तरह से देखभाल करने के बावजूद भी कुछ अस्थमा के मरीजों के लक्षण बढ़ने लग जाते हैं। अस्थमा के कुछ मरीजों को तो इतनी परेशानियों हो जाती हैं, कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगती है और इस कारण से डॉक्टर चेकअप कराना पड़ता है। यह अस्थमा के मरीजों के लिए ही है, विशेष रूप से उनके लिए जिन्हें बारिश के मौसम में गंभीर लक्षणों का सामना करना पड़ता है।

### प्रकृति ओढ़ती है हरियाली की चादर

सावन के महीने का प्रकृति से भी गहरा संबंध है क्योंकि इस माह में वर्षा ऋतु होने से संपूर्ण धरती बारिश से हरी-भरी हो जाती है। ग्रीष्म ऋतु के बाद इस माह में बारिश होने से मानव समुदाय को बड़ी राहत मिलती है। हरियाली की चादर मैदान और पहाड़ी इलाकों को स्वरूप ही बदल देती है। भूरे-भूरे रंग की नजर आने वाली जमीन हरी भरी हो जाती है। लगता है मानो किसी ने इसका श्रृंगार कर दिया हो। लोग प्राकृतिक स्थलों की ओर कुदरत की खूबसूरती देने के लिए चले जाते हैं। कल-कल करके बहते झरने, पेड़ों के झुरमुट, पक्षियों का कलरव यह सब सावन के मौसम को और भी सुंदर बना देते हैं।



### अटूट बंधन को बनाए रखने का संदेश

*सामाजिकता के तौर पर भी श्रावण मास का महत्व कम नहीं है। यह मास अपनी जड़ों से जुड़े रहने व सामाजिक तौर पर अपने संबंधों को बनाए रखने का संदेश भी देता है। इसके अलावा श्रावण मास में कई पर्व भी मनाए जाते हैं। सावन मास के दौरान कई बड़े व्रत त्योहार पड़ते हैं। इस माह में जहां भगवान शिव को समर्पित सावन सोमवार, सावन शिवरात्रि, सावन प्रदोष व्रत के साथ-साथ मां पार्वती को समर्पित सावन के हर मंगलवार को मंगला गौरी व्रत भी पड़ते हैं। इसके साथ-साथ इस माह में हरियाली अमावस्या, नाग पंचमी, श्रावण पुत्रदा एकादशी के साथ-साथ रक्षा बंधन भी पड़ता है। रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के प्यार और बंधन का प्रतीक है।*


फोटो: पंकज शर्मा



@ गुरुग्राम


@ दिल्ली


@ मंडी (हिमाचल)


@ मनाली

## भारी बारिश से उफनी नदियां

# दिल्ली पानी-पानी कई राज्य तर-ब-तर

एजेंसी । नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम भारत में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब में भारी बारिश से नदियां उफान पर हैं और बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है। पंजाब व हरियाणा में कई जगह निचले इलाकों में जल जमाव हो गया। कुछ स्थानों पर घरों में पानी घुस गया। चंडीगढ़ और अंबाला में रिकॉर्ड क्रमशः 322.2 मिमी और 224.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। उत्तर रेलवे ने भारी बारिश होने के चलते करीब 17 ट्रेन रद्द कर दी। इन ट्रेनों में फिरोजपुर कैन्ट एक्सप्रेस, अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, चंडीगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस और चंडीगढ़ से अमृतसर जंक्शन एक्सप्रेस शामिल हैं। मार्ग परिवर्तित की गई ट्रेनों में मुंबई सेंट्रल से अमृतसर एक्सप्रेस, अमृतसर एक्सप्रेस, दौलतपुर चौक एक्सप्रेस शामिल हैं।

### यमुना में बाढ़ की चेतावनी

दिल्ली सरकार ने हरियाणा द्वारा हथिनीकुंड बराज से यमुना नदी में एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के बाद रविवार को बाढ़ की चेतावनी जारी की है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ रहा है और इसके मंगलवार को खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार करने की आशंका है।

### जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद, वाहन फंसे

बनिहाल/जम्मू। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को दूसरे दिन भी यातायात बंद रहा । 3,500 से अधिक वाहन विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं, जिनमें जम्मू से कश्मीर तक अमरनाथ तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले वाहन भी शामिल हैं। लद्दाख में बेमौसम बर्फबारी, बारिश लद्दाख में बेमौसम बर्फबारी और मूसलाधार बारिश के मद्देनजर मौसम विभाग ने क्षेत्र में रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने कहा, “लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मूसलाधार से लेकर सामान्य बारिश और बर्फबारी हुई है।

हिमाचल

### भूस्खलन से 5 लोगों की मौत

*हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में पांच लोगों की मौत हो गई, कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। प्रशासन ने दो दिनों के लिए विद्यालयों और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। राज्य में सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं। गुरुग्राम: घर से काम करने की सलाह-गुरुग्राम में प्रशासन ने कॉरपोरेट कार्यालयों को अपने कर्मियों से सोमवार के लिए घर से काम कराने तथा विद्यालयों को छुट्टी की घोषणा करने की सलाह दी है।*


@ जबलपुर


@ जम्मू

### J&K: पुंछ में बाढ़ में बहे दो सैनिकों के शव बरामद



**जम्मू,।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में बहे दो सैनिकों के शव बरामद हुए। सेना के दोनों जवान सुरानकोट इलाके में डोगरा नाले को पार कर रहे थे और इस दौरान वे तेज बहाव में बह गए। अधिकारियों के मुताबिक, नायब सूबेदार कुलदीप सिंह का शव शनिवार रात को डोगरा नाले से निकाल लिया गया, जबकि लांस नायक तेलु राम का शव रविवार को बरामद हुआ।

### पूर्व डिप्टी सीएम ओपी सोनी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने 2016 से 2022 के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में कांग्रेस के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री ओ.पी. सोनी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया।प्रवक्ता ने कहा मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस दिल्ली के दौरे पर

# पंचायत चुनाव में हिंसा पर शाह को आज सौंपी जाएगी रिपोर्ट

एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस रविवार को नयी दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां पहुंचकर उनके केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने और राज्य में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा पर एक रिपोर्ट सौंपने की संभावना है।

राज्य में शनिवार को मतदान के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। दूसरी ओर पंचायत चुनाव के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई हिंसा और अनियमितताओं के आरोपों के खिलाफ रविवार को हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए। एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी‘पीटीआई-भाषा’ को बताया कि बोस के सोमवार सुबह शाह से मिलने की संभावना है। राज्यपाल ने शनिवार को मतदान के दौरान विभिन्न स्थानों, मुख्य रूप से उत्तरी 24 परगना जिले का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया था।



### 5 जिलों में कई बूथों पर पुनर्मतदान आज

पूर्व इस बीच, राज्य निर्वाचन आयोग हिंसा प्रभावित जिलों के कई मतदान केंद्रों पर 10 जुलाई को फिर से मतदान कराने की घोषणा की है। राज्य निर्वाचन आयोग ने कई जगहों पर मतों के साथ छेड़छाड़ और हिंसा के कारण चुनाव प्रभावित होने की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद यह रविवार शाम आदेश पारित किया। जिन जिलों में फिर से मतदान कराने की घोषणा की गई है, उनमें सबसे ज्यादा 175 बूथ मुर्शिदाबाद जिले के हैं, जबकि मालदा में 112 बूथ पर फिर से मतदान होगा। नदिया जिले में 89 बूथ, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में क्रमश: 46 और 36 बूथ पर फिर से मतदान होगा। दूसरी ओर चुनावी हिंसा के विरोध में भाजपा-कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

## सियासी घमासान: कांग्रेस-भाजपा का एक दूसरे पर वार-पलटवार

### केंद्रीय बलों को तैनात नहीं किया गया

भाजपा ने आरोप लगाया कि राज्य में पंचायत चुनावों के दौरान केंद्रीय बलों को ‘जानबूझकर’ तैनात नहीं किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने रविवार को कोलकाता में कहा कि यदि संवेदनशील स्थानों पर केंद्रीय बलों को तैनात किया जाता, तो इतनी हिंसा नहीं होती तथा लोगों ने बिना किसी भय के स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया होता।

### केंद्रीय बलों को देरी से पहुंचने का निर्देश था

पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पंचायत चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों को राज्य में आने में देरी करने का निर्देश दिया था, ताकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को मतों की लूट करने में मदद मिल सके। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि नई दिल्ली में भाजपा और टीएमसी के बीच एक समझौता हो गया है और इस एहसान के बदले में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी 2024 के लोकसभा चुनावों में भगवा पार्टी के खिलाफ एकजुट विपक्ष की लड़ाई में खेल बिगाड़ेंगी।

## स्टालिन ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र...

# राज्यपाल रवि पद के अयोग्य, सरकार गिराने के ढूंढते हैं मौके

एजेंसी । चेन्नई



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिकायत की है कि राज्य के राज्यपाल आर. एन.रवि इस पद पर रहने के योग्य नहीं है क्योंकि वह राजनीतिक विरोधी के तौर पर काम करते हैं और राज्य सरकार को गिराने का अवसर तलाशते रहते हैं। राज्य सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया है कि रवि ने तमिल संस्कृति की ‘मानहानि’ की है और वह घटिया राजनीति में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सांप्रदायिक नफरत को भड़काते हैं और वह तमिलनाडु की शांति के लिए ‘खतरा’ हैं।

### शपथ के उल्लंघन का आरोप

राष्ट्रपति मुर्मू को लिखे पत्र में स्टालिन ने आरोप लगाया कि रवि ने संविधान के अनुच्छेद 159 के तहत ली गई पद की शपथ का उल्लंघन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल ऐसी पार्टी (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) की सरकार को गिराने का अवसर तलाशते हैं, जो केंद्र का विरोध करती है और उन्हें केवल केंद्र सरकार का एजेंट ही समझा जा सकता है। एक राज्यपाल के तौर पर उठाए गए ऐसे कदम संघवाद के सिद्धांत को नुकसान पहुंचाकर भारतीय लोकतंत्र की बुनियादी नीति को नष्ट कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र में दावा किया कि हाल में राज्यपाल द्वारा मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने संबंधी कदम से उनके राजनीतिक झुकाव का पता चलता है। राज्यपाल ने बाद में सेंथिल बालाजी को बर्खास्त करने संबंधी अपने फैसले को वापस ले लिया था।

राम मंदिर निर्माण

# वाल्मीकि रामायण के 98 श्लोकों से सजेगा राम चबूतरा

एजेंसी । नई दिल्ली

अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में वाल्मीकि रामायण को चित्रों के माध्यम से सहेजा जा रहा है। वाल्मीकि रामायण के छह काण्ड बाल से लेकर लंका काण्ड के प्रमुख 98 श्लोकों को भित्तिचित्रों के माध्यम से निचले राम चबूतरे पर उकेरा जा रहा है।

वाल्मीकि रामायण में कुल 24000 श्लोक हैं। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा जनवरी में करने के लिए अगले 120 दिन में इसके प्रथम चरण के तहत महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने पर तेजी से काम जारी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक सदस्य ने ‘पीटीआई-भाषा’ को बताया, प्रथम चरण के महत्वपूर्ण कार्यों को नवंबर तक पूरा करने का काम जारी है। कोशिश होगी कि यह दीपावली तक हो जाए, तो बेहतर रहेगा। राम मंदिर में स्तंभों, पीठिका तथा अन्य स्थानों पर आध्यात्मिक, पौराणिक ग्रंथों में वर्णित कथाओं के आधार पर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। प्रथम चरण के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों में गर्भगृह, पांच मंडप, भूतल, निचला चबूतरा एवं पूर्वी प्रवेश द्वार शामिल हैं। निचले चबूतरे पर ‘रामकथा’ उकेरी जा रही है।



### प्राण प्रतिष्ठा के लिए 21 से 25 जनवरी तक हैं शुभ मुहूर्त

पिछले महीने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने कहा था कि मंदिर ट्रस्ट को रामलला की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश के शीर्ष ज्योतिषियों ने 21, 22, 24 और 25 जनवरी को शुभ मुहूर्त बताया है। वहीं, न्यास के एक अन्य सदस्य परमानंद गिरि महाराज ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर किसी भी अनुकूल तारीख के बारे में प्रधानमंत्री से आग्रह किया जाएगा।

### आमंत्रण पर फैसले के लिए समिति गठित

सूत्रों ने बताया कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और कोषाध्यक्ष गोविंद गिरि महाराज की सदस्यता वाली समिति का गठन किया गया है। समिति को इस बात पर विचार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है कि राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में किन्हें आमंत्रित किया जाएगा इसमें निश्चित तौर पर साधु संतों को महत्व दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि देश के गांव में लोग प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को कैसे देख सकें, विदेशों में इसे कैसे दिखाया जाए.. इस पर भी काम जारी है। विदेश में कार्यक्रम को पहुंचाने के लिए दूतावासों से सम्पर्क किया जाएगा।

### मकर संक्रांति के बाद होंगे भजन कीर्तन

सूत्रों ने बताया कि 2024 की जनवरी में मकर संक्राति के बाद से करीब एक सप्ताह तक भजन कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के गांव, कस्बों आदि से पांच लाख मंदिर एवं मठों को जोड़ने की योजना है।

## मणिपुर हिंसा: लोगों में अविश्वास बढ़ा

# विरोधी गुट बना रहे एक दूसरे को ड्रोन से निशाना

एजेंसी । विष्णुपर (मणिपुर)

हिंसा प्रभावित मणिपुर में जातीय समूह एक-दूसरे को निशाना बनाने के लिए क्वाडकॉप्टर (ड्रोन) का इस्तेमाल कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों के संज्ञान में आया है कि परस्पर विरोधी गुट क्वॉडकॉप्टर का इस्तेमाल एक-दूसरे की स्थिति का पता लगाने के लिए कर रहे हैं। मेइती समुदाय के लोग अधिकतर क्वॉडकॉप्टर का इस्तेमाल इंफाल घाटी में कर रहे हैं जबकि कुकी समुदाय के लोग इनका इस्तेमाल पहाड़ी इलाकों में कर रहे हैं। दक्षिण पश्चिमी मणिपुर के फौगाकचाओ, कांगवी बाजार और तोरबंग बाजार में इन क्वॉडकॉप्टर का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहा है जहां दोनों समुदायों के गांव आस-पास हैं। दोनों पक्षों के बीच अविश्वास इतना गहरा हो गया है कि वे एक-दूसरे पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### क्या है क्वाडकॉप्टर

क्वाडकॉप्टर, एक बिना चालक वाला घूमने वाले पंखों से युक्त विमान है जो चार रोटर्स का उपयोग करके उड़ान भर सकता है। इनमें से प्रत्येक में एक मोटर और प्रोपेलर होते हैं।

## सेना के 61 सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल ने 'ट्रॉफी टूर' को दिखाई हरी झंडी

# जयपुर बनेगा फुटबॉल प्रेमियों का हब

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के खेल प्रेमियों के लिए अद्भुत क्षण आया, जब भारतीय सेना के 61 सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल राय सिंह गोदारा व अन्यों ने भारत के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट- डूरंड कप के 132वें संस्करण के 'ट्रॉफी टूर' को हरी झंडी दिखाई।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में मेजर जनरल राय सिंह गोदारा, एसएम-वीएसएम रिटायर्ड जनरल केके रेप्सवाल, रिटायर्ड ब्रिगेडियर कुलदीप गुलिया और डूरंड कप समिति के नोडल ऑफिसर कर्नल नवनीत सिंह थिआरा विशिष्ट अतिथि थे।



### 3 अगस्त से कोलकाता में होगा आयोजन

गौरतलब है कि डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट सोसायटी में सीडीएस अध्यक्ष और तीन सेवा प्रमुख उपाध्यक्ष हैं। टूर्नामेंट 3 अगस्त से 3 सितंबर तक कोलकाता में होगा। उद्घाटन समारोह मुख्यालय 61 सब एरिया, सप्त शक्ति कमांड के तत्वावधान में राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (आरयूएफसी) के सहयोग से आयोजित किया गया, जो इस साल टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीम है। टूर की मेजबानी जयपुर में आरयूएफसी द्वारा की गई। भारतीय सेना के 61 सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल राय सिंह गोदारा ने बताया कि सशस्त्र बलों की ओर से भारतीय सेना इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है। नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के टूर्नामेंट में भाग लेने से यह लीगेसी टूर्नामेंट के और अधिक बड़ा होने के लिए तैयार है।

### खिलाड़ियों ने देश का गौरव बढ़ाया

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना खिलाड़ियों को सहायता कर रही है और बदले में खिलाड़ियों ने देश का गौरव बढ़ाया है। राजस्थान राज्य खेलों में आगे रहा है और आरयूएफसी की शुरुआत के साथ बहुत जल्द राज्य फुटबॉल में नई उपलब्धियां हासिल करेगा। फ्लैग ऑफ से पूर्व डूरंड कप ट्रॉफियों का अनावरण किया गया। समारोह की शुरुआत में कर्नल नवनीत सिंह थिआरा ने प्रेजेंटेशन से कप के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सीएसआर कमेटी के स्वतंत्र निदेशक एवं अध्यक्ष डॉ. आशुतोष पंत, राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (आरयूएफसी) चेयरमैन कृष्ण कुमार टाक ने विचार रखे। इनके अतिरिक्त आरयूएफसी फाउंडर डायरेक्टर्स व पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉलर रजत मिश्रा और कमल सिंह सरोहा, गिरीश राठौड़ और स्वप्निल ढाका के अलावा युवा फुटबॉल प्रेमी, कई प्रतिष्ठित खेल हस्तियों के साथ आर्मी पब्लिक स्कूल, केवी नंबर 2 और 4 के छात्रों और एनसीसी कैडेटस की उपस्थिति रही।




### राजस्थान ने कई फुटबॉल खिलाड़ी दिए

कृषि मंत्री लाल चंद कटारिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं का मनोबल और जागरूकता बढ़ती है। राजस्थान ने कई फुटबॉल खिलाड़ी दिए हैं। क्रिकेट के प्रति दीवानगी के कारण फुटबॉल की लोकप्रियता थोड़ी कम हुई है। यह आयोजन व 'ट्रॉफी टूर' इस कमी की पूर्ति कर देगा। मेरा मानना है, कि जब मौका मिलता है तो युवा पीढ़ी प्रेरणा लेती है और उसका अनुसरण करती है। इस आयोजन से युवा निश्चित रूप से प्रेरणा लेंगे। राज्य सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को दो प्रतिशत आरक्षण दिया है। जल संसाधन विभाग केबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने कहा कि टूर्नामेंट ने देश-विदेश में नाम स्थापित किया है। मुझे उम्मीद है, कि आने वाले समय में हम प्रगति पथ पर अग्रसर रहेंगे। टूर्नामेंट के ट्रॉफी टूर समारोह का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं।

### फुटबॉल के प्रति बढ़े जागरूकता

समारोह में राजस्थान पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि यह सही है कि क्रिकेट जैसे दूसरे अन्य खेलों की तुलना में राज्य में लोग फुटबॉल के बारे में इतने जागरूक नहीं हैं। अब राज्य सरकार ने विद्याधर नगर स्टेडियम को सिर्फ फुटबॉल के लिए समर्पित कर दिया है। प्रयास है कि सभी खेलों को बढ़ावा मिले। चाहे खो-खो हो, कबड्डी हो या फुटबॉल हो। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण ओलंपिक का आयोजन किया गया, जिससे युवा व बुजुर्ग पीढ़ी को जोड़ा गया। राजस्थान में खेलों और विशेषकर फुटबॉल का बेहतर भविष्य होगा।

## पूर्व छात्रों ने ताजा की यादें



**बेधड़क. जयपुर।** श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान छात्रों का स्नेह मिलन समारोह रविवार को कालवाड़ रोड़ स्तिथ सांगा मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। समारोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना तथा करणी माता की आरती से किया गया। इसके बाद 1997 से लेकर 2023 तक के छात्रों महाविद्यालय से जुड़ी यादें साझा की। समारोह में शामिल होने वाले पूर्व छात्रों में अनेक छात्र भिन्न-भिन्न विभागों में अधिकारी, राजनेता और व्यवसायी बन चुके हैं। समारोह में अंत में सभी ने एक साथ बैठकर स्नेह भोज किया और सामूहिक छायाचित्र करवाया ताकि यादें अमर रहे। साथ ही यह भी तय हुआ कि हर वर्ष जुलाई के प्रथम रविवार को स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।

## शनि जन्मोत्सव मनाया

**बेधड़क. जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर 8 में पुराने बस स्टैंड के पास स्थित शनि मंदिर में शनि भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। भक्तों ने शनि देव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर प्रसादी वितरित की गई।



## विकास कार्यों का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** विधायक कालीचरण सराफ ने मालवीय नगर के वार्ड 126 सेक्टर 11 में विकास कार्यों का रिबिन काटकर लोकार्पण किया। पार्षद ओम स्वामी ने बताया कि विधायक कोष से सेक्टर 11 शिव मंदिर झूलेलाल परिसर में टीन शेड लगवाया गया है। सराफ ने सेक्टर 11 में पार्षद कोटे से 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का विधिवत पूजा करके शुभारंभ किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा बंधाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जयपुर शहर एसटी मोर्चा महामंत्री महेश मंगल मीणा, मंडल महामंत्री बने सिंह, समाजसेवी राजन सरदार, मुखी श्री नारायण सेवानी, मुखी लालचंद लालवानी, रामपाल मीणा, शैलेश पटेल, मोहनलाल चावला, लक्की कश्यप, बाबूलाल केरला, धनवंती मुखियानी, युवा मोर्चा वार्ड अध्यक्ष मलिंगा एवं अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# City इवेंट्स

## मैराथन के संग किए सामाजिक कार्य



**बेधड़क. जयपुर।** स्वच्छ झोटवाड़ा-स्वस्थ झोटवाड़ा मुहिम के तहत बेगस फतेहपुरा में आयोजित की गई 'रन फॉर झोटवाड़ा' मैराथन के दौरान के प्रतिभावान स्टूटेंट्स के सम्मान के साथ ही पौधारोपण और पेंशन वितरण जैसे सामाजिक कार्य भी किए गए। आशु सिंह सूरपुरा की अगुवाई में श्री गणेश गार्डन से मैराथन शुरू हुई। मैराथन के बाद बेगस फतेहपुरा पंचायत के 5 ज़रूरतमंदों को सूरपुरा पेंशन योजना के तहत पेंशन वितरित की गई। सूरपुरा प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत 10वीं और 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से ज़्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसके बाद राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल और बेगस गौशाला में पौधारोपण किया गया।

## फंड के लिए स्टूडेंट्स ने की साइकिलिंग



**बेधड़क, जयपुर।** सोच एजुकेशनल सोसायटी के लिए फंड जुटाने, ऑटिज्म के बारे में जागरूकता फैलाना और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल के क्लास 9वीं के स्टूडेंट्स ने साइक्लोथॉन का आयोजन किया। स्कूल स्टूडेंट्स रूहबानी सिंह, रैना कपूर और वशिष्ठ राजगरिया ने कार्यक्रम को कोऑर्डिनेट किया। साइक्लोथॉन सुबह 6 बजे शुरू हुई, जिसमें लगभग 300 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। स्पॉन्सर्स द्वारा मेडल्स, गिफ्ट हैम्पर और साइकिलें दी गईं। स्कूल की एकेडमिक डायरेक्टर आकृति पेरीवाल ने कहा कि स्टूडेंट्स ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साइक्लोथॉन इसके प्रति जागरूकता और सपोर्ट बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

## किड्स फैशन के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क, जयपुर।** पिंक कॉन्सेप्ट्स और वैश्वी मल्टीवेंचर्स की ओर से 16 जुलाई को द पैलेस बाय पार्क ज्वैल्स में होने जा रहे इंडिया किड्स फैशन वॉक सीजन-6 के पोस्टर का विमोचन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने किया। इस अमन वर्मा, दीपक कुमार, सुष्मिता सैनी, रमेश कुमार, राम कुमार, विशाल चंदानी व मिताली सोनी मौजूद रहे। देशभर के बच्चों को फैशन प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होने वाले शो में सिक्वेंस होगी, जिसमें करीब 100 लिटिल मॉडल्स कैटवॉक कर फैशन स्टाइल स्टेटमेंट और डिजाइनर कलेक्शन शोकेस करेंगे। आसाम के कोरियोग्राफर कोरियोग्राफी करेंगे। किड्स पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के लिए ग्रूमिंग वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। शो में मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन की यंग मॉडल्स की कैटवॉक आकर्षण होगी।

### जयपुरिया और एमजीडी स्कूल से शुरुआत

## प्रदेश के सभी स्कूलों-कॉलेजों में खोले जाएंगे डेल्फिक क्लब




बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के विद्यालयों व महाविद्यालयों में डेल्फिक क्लब की स्थापना की जाएगी। यह विचार डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष व प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने रखे।

जयपुरिया व एमजीडी स्कूल में डेल्फिक क्लब खोलने की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कला व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए काउंसिल से ओर बेहतर प्रयास होंगे। इंडियन डेल्फिक काउंसिल के अध्यक्ष एनएम पांडे ने कहा कि पहला स्टेट गेम्स आयोजित कर राजस्थान ने सभी काउंसिल के लिए नई ऊर्जा व नई प्रेरणा देने का काम किया है। इंटरनेशनल डेल्फिक काउंसिल महासचिव रमेश प्रसन्ना, इंडियन नेशनल डेल्फिक काउंसिल महासचिव अशोक सिंह, नेशनल डेल्फिक गेम्स ऑर्गेनाइजिंग कमेटी अध्यक्ष अजय मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से डेल्फिक क्लब गाइडलाइन्स व ब्रोशर का विमोचन किया गया। डेल्फिक क्लब खोलने के लिए जयपुरिया स्कूल प्रिंसिपल प्रतिमा, एमजीडी स्कूल प्रिंसिपल अर्चना मंकोटिया और काउंसिल के सचिव आईएएस जितेन्द्र सोनी के मध्य एमओयू हुआ।

### प्रवीण गंगानी की स्मृति में कार्यक्रम

## कथक, ठुमरी व युगल नृत्य से कलाप्रेमियों को किया रोमांचित




बेधड़क | जयपुर

कलाकार ने थाट, आमद, परन, चक्करदार पेश किए तो कला प्रेमी रोमांचित हो उठे। मौका था जवाहर कला केन्द्र के रंगायन में रविवार को उपांग कथक नृत्य कला केन्द्र की ओर से प्रवीण गंगानी की स्मृति में महोत्सव का। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सीमंतिनी चतुर्वेदी ने किया। ठुमरी की प्रस्तुति में अंजलि, अभिलाषा, कोमल, राशी, दिया और माया ने समा बांधा। भव्या, सलोनी, सौम्या, पोशाली, दीपा, काव्या, पूर्णिमा और प्रशस्ति ने कथक की प्रस्तुति दी।

युगल नृत्य में चेतन और भवदीप जवड़ा ने ताल बसन्त की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुंबई के कलाकार नरेन्द्र कृष्णा गंगानी ने 'गणराज नाचे' प्रस्तुति में भगवान गणेश को रिझाने की कोशिश की। कार्यक्रम के अंत में कथक कला केन्द्र के निदेशक और कार्यक्रम के संयोजक जय कुमार जवड़ा ने ऐसे निठुर भये श्याम' की प्रस्तुति में थाट, आमद आदि पेश किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान हाई कोर्ट की सीनियर एडवोकेट अनुराधा उपाध्याय और विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेत्री शालिनी शर्मा उपस्थित रही। अतिथियों ने अपने उद्बोदन से कलाकारों का उत्साह वर्धन किया।

**सम्मान** | पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ने दिया विभिन्न सेवाओं में कार्य करने वालों को प्रोत्साहन

## पब्लिक रिलेशंस की 24 विभूतियों को 'जनसंपर्क अलंकरण'

बेधड़क | जयपुर

पब्लिक रिलेशंस सोसायटी की ओर से जयपुर इंटरनेशनल सेंटर में जनसंपर्क सहित विभिन्न सेवाओं में कार्य करने वालों को जनसंपर्क अलंकरण दिए गए।

सोसायटी के महासचिव अरुण जोशी ने बताया कि राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा को जनसंपर्कश्री, विशेषाधिकारी (मुख्यमंत्री) फारुख आफरीदी को लाइफ टाइम अचीवमेंट तथा गजल गायक पद्मश्री अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन को



विशिष्ट अलंकरण प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि राजसीको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, समारोह अध्यक्ष हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर प्रोफेसर सुधि राजीव तथा की नोट स्पीकर पूर्व आईएएस मनोज कुमार शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली 24 विभूतियों को शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### इनको मिला अवॉर्ड

कार्यक्रम में उदयपुर के संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, तिलक पालावत, स्वर्गीय गोवर्धन लाल पाराशर, स्वर्गीय कमलनयन शर्मा, डॉक्टर नरोत्तम शर्मा, दिग्विजय डाबरिया, उम्मेद राज जैन, डॉ. कृति भारती, आशीष जैन पीआरओ, आकांक्षा पालावत पीआरओ, विनायक शर्मा, तरुण टाक, महेश कचोलिया, शैलेंद्र शर्मा, आशीष, अमन, हिमांशु पाटनी, रेखा चटर्जी, स्निग्धा शर्मा आदि को सम्मानित किया गया।

### जनसंपर्क का इंपोर्टेंट रोल

राजीव अरोड़ा ने कहा कि एक श्रेष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अपनी कलम और संप्रेषण से विभाग व प्रशासन की छवि में निखार ला सकता है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। समारोह अध्यक्ष हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुधि राजीव ने कहा कि जनसंपर्क कर्मी में सत्य और झूठ में अंतर पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। की नोट स्पीकर और पूर्व आईएएस मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि मीडिया दोधारी तलवार है। हमें किसी भी सूचना को फॉरवर्ड करते समय सच्चाई को परख लेना चाहिए। आरंभ में सोसायटी महासचिव अरुण जोशी ने सामाजिक सरोकारों के कार्यों का परिचय दिया। कार्यक्रम को सोसायटी सीईओ प्रदीप कुलश्रेष्ठ ने संबोधित किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25





पूजा करने का कोई सिद्धांत नहीं है, परमात्मा हर उस दिल की सुनता है, जो पवित्र, निर्दोष और ईमानदार है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इजराइल: सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पानी की बौछार...



*तेल अवीव। इजराइल में न्यायिक प्रणाली में सुधार करने की प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार की योजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान इजराइली पुलिस ने फ्रीवे को अवरुद्ध करने वाले प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन से पानी की बौछार की। -पीटीआई*

### कनाडा-ब्रिटेन में खालिस्तानी प्रदर्शन फुस्स...

# आतंकी निज्जर की हत्या के बाद से खालिस्तानियों में बौखलाहट

**एजेंसी** | ओटावा

कनाडा में शनिवार को टोरंटो में भारतीय वाणिज्यिक दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक और भारतीय आमने-सामने आ गए। खालिस्तान समर्थकों ने अपने हाथ में पीला झंडा ले रखा था। वहीं भारतीय तिरंगा लहरा रहे थे। यह प्रदर्शन तब हो रहा है जब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मार कर हत्या कर दी गई। इसके बाद टोरंटो में भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने वाले धमकी भरे पोस्टर देखने को मिले हैं।

ब्रैंपटन में भारत माता मंदिर के बाहर 'युद्ध क्षेत्र' शीर्षक वाला पोस्टर शुक्रवार को लगाया गया था। शनिवार को हुआ प्रदर्शन आतंकी निज्जर के नाम पर आयोजित किया गया था, जो एक फ्लॉप शो रहा। 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक पार्किंग में निज्जर की हत्या कर दी गई थी।



### सुरक्षा बढ़ाई गई

मंदिर के बाहर लगाए गए पोस्टर में कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा, टोरंटो में भारत के महावाणिज्यिक दूत अपूर्व श्रीवास्तव और वैंकुवर में भारत के महावाणिज्यिक दूत मनीष की तस्वीरें लगी थीं। पोस्टर आने के बाद भारत ने कनाडा से राजनयिकों को सुरक्षा प्रदान करने को कहा था। वॉइस ऑफ अमेरिका की रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के अधिकारियों ने बताया कि कई जगहों पर पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### लंदन में भी फुस्स हुआ प्रदर्शन

लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर शनिवार को खालिस्तानियों के विरोध प्रदर्शन में बहुत कम लोग शामिल हुए। रैली में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी और बर्मिंघम में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. शशांक विक्रम की तस्वीरों के साथ हिंसा के लिए उकसाने वाले विवादास्पद पोस्टरों का इस्तेमाल किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे, प्रदर्शन काफी जल्द खत्म हो गया।

### उलझन में पाक: बिलावल भुट्टो के नेतृत्व में बनाया 14 लोगों का पैनल

# टीम भारत भेजें या नहीं!

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट टीम भारत भेजने के सवाल पर बड़ी उलझन में है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यह तय करने के लिए विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में एक हाई-प्रोफाइल 14 सदस्यीय समिति का गठन किया है कि क्या पाकिस्तान को भारत में अक्टूबर में शुरू होने वाले आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में भाग लेने के लिए अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भेजनी चाहिए या नहीं।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किया है कि दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए, इस प्रतिष्ठित आयोजन में पाकिस्तान टीम की भागीदारी सरकारी मंजूरी पर निर्भर करता है। पीसीबी ने पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री शरीफ, जो क्रिकेट बोर्ड के संरक्षक-प्रमुख भी हैं, को चिट्ठी लिखी थी कि राष्ट्रीय टीम को भारत की यात्रा करनी चाहिए या नहीं? पीसीबी ने इस पर उनका मार्गदर्शन मांगा था।



### भारत ने पाक में खेलने से किया था इनकार

बता दें कि पाकिस्तान में एशिया कप मैच खेलने से भारत के इनकार के बाद पाकिस्तान के लिए परिस्थितियां अधिक जटिल हो गई हैं। इस पैनल की सिफारिशों के आधार पर, पीएम शरीफ विश्व कप में देश की भागीदारी के संबंध में अंतिम निर्णय लेंगे। समिति में विदेश मंत्री, कई अन्य मंत्री, सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के प्रमुख और गठबंधन सरकार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

### सुरक्षा संबंधी जांच का आग्रह

पीसीबी ने पूछा था कि क्या सरकार भारत में एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भी भेजना चाहती है। साथ ही, सरकार से विश्व कप मैचों के लिए पाक सरकार से प्रस्तावित पांच स्थानों पर अपेक्षित सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन करने का अनुरोध भी किया था। आईसीसी के टूर्नामेंट कार्यक्रम के अनुसार, पाकिस्तान के मैच हैदराबाद, अहमदाबाद, बेंगलुरु और चेन्नई में होने वाले हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

### दक्षिणी कैलिफोर्निया में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त

# लैंडिंग करते हुआ हादसा, छह लोगों की मौत

**एजेंसी** | मुरिएटा

अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया हवाई अड्डे पर कोहरे के कारण एक छोटा विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई।



संघीय विमानन प्राधिकरण के अनुसार, बिजनेस जेट शनिवार तड़के करीब सवा चार बजे लॉस एंजिल्स से 130 किमी. दक्षिण-पूर्व में स्थित मुरिएटा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रिवरसाइड काउंटी के दमकल विभाग के मुताबिक, विमान एक खेत में गिरा और उसमें आग लग गई।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया गया। हादसे में करीब एक एकड़ खेत भी जल गए। रिवरसाइड काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि विमान में सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। इनकी पहचान नहीं हो पाई है।

उड़ान प्रशिक्षक मैक्स ट्रेस्कॉट ने बताया कि मौसम के खराब होने के कारण विमान ने दो बार लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन दूसरी बार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## इमारत ढहने से 14 लोगों की मौत

**पेरनामबुको।** ब्राजील के पूर्वोत्तर राज्य पेरनामबुको में एक जीर्ण-शीर्ण इमारत के ढहने से छह बच्चों समेत 14 लोगों की मौत हो गई। इस इमारत में बेघर लोगों ने आश्रय लिया था और एक दशक से भी अधिक समय से वे उसमें रह रहे थे। दमकलकर्मियों ने बताया कि रेसिफ के पॉलिस्ता उपनगर में जीर्ण-शीर्ण इमारत शुक्रवार तड़के ढह गई, जिसके बाद इसमें रह रहे लोगों की तलाश तेज कर दी गई। तीन लोगों को जीवित निकाल लिया गया।


### मध्य चीन में राजमार्ग पर निर्माण के दौरान भूस्खलन

# नौ लोग लापता, पांच को बचाया

**एजेंसी** | बीजिंग

मध्य चीन के हुबेई प्रांत में एक राजमार्ग पर निर्माण के दौरान भूस्खलन की घटना के बाद नौ लोग लापता हो गए। स्थानीय प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी।

वुफेंग के तुजिया स्वायत्त प्रांत में युशान गांव में शनिवार को निर्माण स्थल पर भूस्खलन हुआ। प्रांत के प्राधिकारियों के हालिया बयान के अनुसार अब तक पांच



लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, जबकि नौ अन्य अब भी लापता हैं। खबर के अनुसार आपात प्रबंधन मंत्रालय ने भूवैज्ञानिक आपदाओं के लिए स्तर-चार की इमरजेंसी प्रतिक्रिया को सक्रिय कर दिया है और आपात स्थिति से निपटने के लिए बचावकर्मियों को भेजा है। मंत्रालय घायलों के उपचार और इसके बाद होने वाली प्राकृतिक आपदा के जोखिम को कम करने का प्रयास तथा बचावकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

खबर में कहा गया है कि मंत्रालय ने दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य के लिए 139 कर्मियों और 32 वाहनों एवं दमकल कर्मियों को भेजा है।

**खुला नया रहस्य**

# अंतरिक्ष में दिखा सबसे दूर का ब्लैक होल


### ■ ब्रह्मांड की शुरुआत में हुआ था इसका जन्म

**वॉशिंगटन।** ब्लैक होल हमारे अंतरिक्ष की सबसे रहस्यमय चीजों में से एक है। नासा ने हाल ही में को घोषणा की है कि वैज्ञानिकों ने जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप की मदद से सबसे दूर पर मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल का पता लगाया है। बताया जाता है कि यह ब्लैक होल इतना पुराना है कि बिग बैंग के 57 करोड़ साल बाद ही अस्तित्व में आ गया था।

यह गैलेक्सी CEERS 1019 के केंद्र में स्थित है। इसका द्रव्यमान 90 लाख सूर्य के बराबर है। वैज्ञानिकों ने इसके अलावा दो छोटे ब्लैक होल का भी पता लगाया है जो बिग बैंग के 1 से 1.1 अरब साल के बाद बने। इसके अलावा कई और ब्लैक होल हैं जिनमें अरबों सूर्य का द्रव्यमान है।

### शनि ग्रह की भी खींची थी फोटो

टीम ने डेटा में पाया कि आकाशगंगा यथासंभव अधिक गैस की खपत कर रही है और नए तारे भी पैदा कर रही है। जेम्स वेब ने हाल ही में सौर मंडल में मौजूद शनि ग्रह की तस्वीर भी खींची थी। इस तस्वीर में शनि के छल्ले बेहद चमकदार दिख रहे थे। शनि की इस तस्वीर को देख कर खगोलविद भी हैरान थे। तस्वीर में शनि ग्रह के छल्ले चमक रहे थे। तस्वीर में शनि ग्रह का चांद डायोन, एन्सेलेडस और टेथिस भी साफ-साफ दिखाई दे रहा था।



### ब्लैक होल के हैं कई रहस्य

CEERS सर्वे डेटा का इस्तेमाल करने वाले तीन अलग-अलग अध्ययन प्रकाशित हुए हैं। नासा ने कहा, 'यह ब्लैक होल पहले खोजे गए अधिक विशाल ब्लैक होल जितना चमकीला नहीं है। हालांकि, अभी यह समझना मुश्किल है कि ब्रह्मांड की शुरुआत के तुरंत बाद आखिर यह कैसे पैदा हो गया।' स्टडी का नेतृत्व करने वाली रेबेका लार्सन ने कहा, 'इस दूरबीन के जरिए इतना दूर तक देखना ठीक उसी तरह है, जैसे हम अपने करीब की आकाशगंगाओं के ब्लैक होल को देख रहे हैं।'



Sach Bedhadak | SachBedhadak | Sach Bedhadak | sach_bedhadak

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl